वर्ष- 22 अंक - 04 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2.50 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 16 जून 2026

## ईरान को 28 लाख करोड़ देने की खबर को ट्रंप ने बताया फर्जी

वॉशिंगटन ● एजेंसी

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता फाइनल हो चुका है। दावा किया जा रहा था कि डील के तहत अमेरिका ईरान को 300 अरब डॉलर (28 लाख करोड़ रुपए) मदद देगा। अब इस खबर को ट्रंप ने फर्जी बताया और कहा कि यह झूठी खबर डेमोक्रेट्स फैला रहे हैं। ट्रंप ने यह भी ऐलान किया कि ईरान परमाणु हथियार न रखने पर सहमत हो गया है।

### शेयर बाजार हाई, रुपया भी मजबूत

**मंगलवार.एजेंसी।** ईरान जंग थमने की खबर से कच्चे तेल में गिरावट आज भी जारी रही। भारतीय शेयर बाजार में आज भी तेजी का दौर जारी रहा। रुपया भी डॉलर के मुकाबले 8 पैसे बढ़त के साथ 94.63 पर खुला, जबकि सोमवार को यह 94.71 पर बंद हुआ था।

### अमेरिका व रूस के बॉम्बर विमान क्रैश, 8 की मौत

**मंगलवार.एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में अमेरिकी वायुसेना का बॉम्बर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार सभी 8 लोगों की मौत हो गई। उधर रूस का भी एक बॉम्बर विमान क्रैश हो गया, लेकिन विमान में सवार चारों क्रू मेंबर्स बच गए।

### तीन बुजुर्गों को दौड़ा-दौड़ा कर काट डाला

**प्रयागराज.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश में प्रयागराज के कुकुरकटवा गांव में एक ही परिवार के तीन बुजुर्गों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोपियों ने एक पुरुष और दो महिलाओं को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और धारदार हथियार से काट डाला।

### 5 दिन पहले ही पहुंचने लगे री-नीट के पेपर

**मंगलवार.एजेंसी।** 21 जून को नीट की फिर से परीक्षा होगी। इन परीक्षा के पेपर 5 दिन पहले ही राज्यों की राजधानी पहुंचने लगे हैं। वायुसेना के हेलिकॉप्टरों से ये पेपर पहुंचाए जा रहे हैं।

### फारुख बन गया आकाश

**हरदा.एजेंसी।** 4 साल पहले महाराष्ट्र की हिन्दू लड़की तनिशा ने फारुख नामक मुस्लिम युवक से शादी की थी। कल सोमवती अमावस्या पर फारुख ने सनातन धर्म अपना लिया और फारुख को नया नाम आकाश दिया गया।

### पंजाब के सीएम भगवंत मान को अकाल तख्त ने ठहराया दोषी

**अमृतसरः** अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गर्गज ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को धार्मिक कदाचार (रिलिजियस मिसकंडक्ट) का दोषी घोषित कर दिया। यह फैसला उस कथित वायरल वीडियो के आधार पर लिया गया, जिसमें मुख्यमंत्री मान पर सिख गुरुओं के चित्रों पर शराब छिड़कने का आरोप लगाया गया है।

### प्रमुख ठिकानों पर ड्रोन अटैक का अलर्ट

**नई दिल्ली.एजेंसी।** केंद्र सरकार ने चेतावनी दी है कि सीमाओं पर मौजूद महत्वपूर्ण ठिकानों पर दुश्मन ड्रोन हमला कर सकता है। जहाज और जलमार्ग मंत्रालय के समुद्री सुरक्षा विंग ने जमीन और समुद्री सीमाओं के पास मौजूद महत्वपूर्ण संपत्तियों और ठिकानों पर ड्रोन अटैक को लेकर अलर्ट जारी किया है।














# प्रतिभा सम्मान में लगे भाजपाइयों के हाथ

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। स्प्रेडिंग स्माइल्स संस्था द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। कई विद्यार्थियों को साइकल, लेपटॉप और अन्य सामग्री दी गई। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, पुष्यमित्र भार्गव, कृष्णमुरारी मोघे, महेन्द्र हार्डिया, मनोज परमार, नन्दकिशोर पहाड़िया, सेम पावरी, नेहा शर्मा, धर्मेन्द्र चौधरी, गणेश चौधरी, राहुल जैन, अशोक अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थी और अभिभावक के अलावा शिक्षक व समाजसेवी भी मौजूद रहे।

## पाराशर का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। क्वांटम कंप्यूटिंग वैज्ञानिक जयेश पाराशर को समाज और क्वांटम विज्ञान में सहयोग देने पर सम्मानित किया। मंत्री तुलसीराम सिलावट सहित अन्य मौजूद थे।



# विकसित भारत संकल्प सम्मेलन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव कल इंदौर में थी और उन्होंने केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रमों में शिरकत की। भाजपा ने कल विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया उसमें केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव, कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, शंकर लालवानी, सुमित मिश्रा, पुष्यमित्र भार्गव, राजेश सोलंकी, मालिनी गौड़, महेन्द्र हार्डिया, मधु वर्मा, रमेश मेंदोला, सुदर्शन गुप्ता, धीरज कुंडलवाल, राजा मालवीय, विशाल गिदवानी, भूपेन्द्रसिंह केसरी, नितिन शर्मा, निधि बंग, दीप्ति हाड़ा, रेशमा खुराना, राजकुमार साबू, डॉ. निकता बेंजामिन, डॉ. संध्या सुप्रभात चौकसे, सुनिला दुबे, रुचि मंजू ठाकुर, इन्दु श्रीवास्तव, वरुण पाल, भावना चौधरी, श्रेष्ठा जोशी, शिवानी अड़सपुरकर, मुद्रा शास्त्री, नेहा शर्मा, रानू अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, रमेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।



# युवा कांग्रेसियों ने दिया ज्ञापन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शहर और जिला युवक कांग्रेस ने मिलकर कल राज्यसभा उम्मीदवार रही मीनाक्षी नटराजन के फार्म निरस्त होने के मुद्दे पर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर वहां प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। युवा कांग्रेसियों ने नारेबाजी भी की। चेतन चौधरी, अमित पटेल, दानिश खान, डॉ. दौलत पटेल, गजेन्द्रसिंह राठौर, प्रदीप दरबार, शुभम सुनेर, बलवंत टटवाड़े, अमन पटवारी, सौरभ सोनी सहित अन्य मौजूद थे।



# मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट




मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा ग्रामीण अंचल एवं शहरी क्षेत्र मे चलाए जा रहे सरकार की कारपोरेट परस्त नीतियो ओर महगाई, बेरोजगारी, जमीन की चौतरफा लूट, अवैध बेदखली के विरोध मे जन संघर्ष अभियान के दौरान प्राप्त शिकायतो को लेकर कल संभाग आयुक्त कार्यालय पर मजदूर किसानो द्वारा संयुक्त रूप से प्रदर्शन किया गया और प्रधानमंत्री के नाम समस्याओं से संबंधित ज्ञापन संभाग आयुक्त कार्यालय में सौंपा।



# कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पद पर हुई राहुल सिंह धाकरे की वापसी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के करीबी माने जाने वाले ब्लॉक क्रमांक 9 के अध्यक्ष पद पर राहुल सिंह धाकरे की नियुक्ति पूर्व में हुई थी और कुछ गफलत के बयान पर उन्हें प्रदेश कांग्रेस ने बनने के कुछ ही दिन बाद हटा दिया था। हटने के बाद जब चिंटू चौकसे से चर्चा की गई थी तो उन्होंने उस समय भी दावा किया था कि वे राहुल धाकरे को वापस हर हाल में बनवाकर लाएंगे और आखिरकार कल राहुल सिंह धाकरे को फिर से कांग्रेस ब्लॉक क्रमांक 9 का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। एक टिप्पणी पर राहुल धाकरे को पद से मुक्त किया था और तभी चिंटू चौकसे ने राहुल धाकरे को आश्वस्त किया था कि वे उन्हें बनवाकर लाएंगे, चौकसे के प्रयास पर राहुल धाकरे को फिर से अध्यक्ष बनाकर ब्लॉक की जिम्मेदारी दे दी गई है। इस नियुक्ति से चिंटू चौकसे और धाकरे के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। चिंटू चौकसे, देवेन्द्रसिंह यादव, विनय बाकलीवाल, अल्पेश परिहार, नासिर खान, सोहेल गौरी रविकांत मिश्रा, जतिन थोरात, विशाल चतुर्वेदी, निलेश शैलू सेन, शैलेश गर्ग, नकुल पाटिल, सुदेश डोंगरे, जितेंद्र पाटिल, मुन्ना अंसारी ने बधाई दी।


















# जिन्सी में फिर चला निगम का बुलडोजर

## नेमीनाथ मंदिर से जिंसी चौराहा की सड़क के लिए 30 मकान के हिस्से तोड़े



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम का बुलडोजर आज जिंसी क्षेत्र में एक बार फिर चल पड़ा। आज नगर निगम के द्वारा नेमीनाथ जैन मंदिर से लेकर जिंसी चौराहा तक की सड़क चौड़ी करने के लिए 30 मकान के हिस्से तोड़े गए हैं।**

नगर निगम के द्वारा पिछले दिनों जिंसी चौराहा से लेकर लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक के क्षेत्र में सड़क को चौड़ा करने के लिए तोड़फोड़ की गई थी। उस समय नगर निगम के द्वारा इस क्षेत्र में करीब 100 मकान में तोड़फोड़ करने के साथ में सड़क की 60 फीट की चौड़ाई के रास्ते को क्लियर किया गया था। अभी यहां पर सड़क का निर्माण करने का काम शुरू करने से पहले की तैयारी की जा रही है।

इसके साथ ही नगर निगम के द्वारा नेमीनाथ जैन मंदिर से लेकर जिंसी चौराहे तक के क्षेत्र में भी सड़क को 60 फीट चौड़ा करने का फैसला लिया गया था। इस फैसले के तहत इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को नोटिस दे दिए गए थे और सेंट्रल लाइन डालकर मकान में तोड़फोड़ के निशान भी लगा दिए गए थे। निगम के द्वारा की गई इस पहल के कारण इस क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों के द्वारा स्वयं ही अपनी इच्छा से अपने निर्माण को तोड़ने की पहल कर दी गई थी। बहुत बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपने निर्माण खुद ही हटाने का काम किया था। इस सड़क पर इंदौर शहर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष पंडित कृपा शंकर शुक्ला भी रहते हैं। शुक्ला ने भी नगर निगम को सहयोग करने के लिए खुद ही अपने मकान के हिस्से को हटाने का काम करवाया था। उनके द्वारा की गई इस पहल के कारण क्षेत्र के लोगों में भी सकारात्मक संदेश गया था। जिसके चलते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने खुद अपने निर्माण तोड़े थे। इन लोगों के द्वारा मजदूर चौक के मजदूर लगाकर अपने निर्माण टूटवाने का काम किया गया था।



इस क्षेत्र में अधिकार से मकान में तोड़फोड़ का काम नागरिकों के द्वारा खुद ही कर लिया गया था। आज नगर निगम के द्वारा इस क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इस अभियान में जिन लोगों ने अपने निर्माण को पूरा नहीं तोड़ा था उनके निर्माण को पूरा तोड़ने का काम किया गया। इसके अलावा जिनके द्वारा अभी तक निर्माण तोड़ने का काम शुरू नहीं किया गया था उनके निर्माण को भी तोड़ने का काम नगर निगम के द्वारा शुरू कर दिया गया। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि आज इस सड़क पर करीब 30 मकान के हिस्से तोड़ने का काम सुबह से शुरू किया गया है। नगर निगम की पोकलेन और जेसीबी मशीन एक साथ कई मकान पर कार्रवाई करते हुए इस कार्रवाई को तेज गति के साथ करने में लगी हुई है।

### ट्रस्ट के अस्पताल पर भी कार्रवाई

इस अभियान के दौरान नगर निगम के द्वारा इस क्षेत्र में स्थित ट्रस्ट के द्वारा संचालित प्रकाश चंद्र सेठी अस्पताल के आगे के हिस्से पर भी कार्रवाई करते हुए उसे तोड़ दिया गया है। पूरी कार्रवाई के दौरान लोगों के द्वारा कहीं कोई विरोध करने जैसी स्थिति नहीं बनी है। सभी ने नगर निगम को सहयोग करते हुए निर्माण हटाने की पहल की है। आज लगातार नगर निगम का बुलडोजर जिंसी और उसके आसपास के क्षेत्र में ही चल रहा है।

# छोटा बांगड़दा क्षेत्र में बोरिंग का पानी पीने से कई बच्चे बीमार

## एक बच्चे को चाचा नेहरू अस्पताल से अहमदाबाद भेजा गया, बड़ों को भी लगे दस्त



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

देपालपुर विधानसभा के शहरी वार्ड 16 के महावीर नगर छोटा बांगड़दा के एक बोरिंग से लगातार कई घर पानी पीते हैं, चार दिनों से इस बोरिंग में ड्रेनेज की लाइन मिल गई, जिसके चलते पानी दूषित हो गया और तीन दिन पहले कई बच्चों को उल्टी, दस्त की शिकायत हुई। कुछ बच्चों को अस्पताल में दाखिल भी कराया गया। एक बच्चा अविका खालोदिया निवासी महावीर नगर को चाचा नेहरू में भर्ती करने के बाद जब स्वास्थ्य ठीक नहीं हुआ तो परिजनों ने उसे अहमदाबाद भेजा है। यहां के रहवासी सौरभ तिवारी ने बताया कि करीब आधा दर्जन बच्चों के अलावा चार से पांच बड़ों को भी दस्त लगे हैं।

इनमें ज्यादातर बच्चों को अस्पताल से छुट्टी भी मिल गई है, एक बच्चा बीमार होने की वजह से अहमदाबाद भेजा गया है, जो बच्चे बीमार हुए उनमें अनिता चौहान, रोशनी यादव, भावना गुप्ता भी है। वहीं सौरभ तिवारी ने बताया कि उनके पेट में भी



दिक्कत हुई, दर्द हुआ। वहीं उषा तिवारी, दुर्गा चौहन को भी दिक्कतें आई है। दुर्गा चौहान की बेटी अनिता चौहान को भी परेशानी हुई थी, आज इसकी जानकारी जैसे ही निगम झोन और वरिष्ठ अधिकारी को मिली वैसे ही अधिकारी महावीर नगर छोटा बांगड़दा पहुंचे हैं और समाचार लिखे जाने तक जानकारी भी जुटा रहे हैं कि आखिरकार यह बोरिंग में कैसे ड्रेनेज का दूषित पानी पहुंचा, तत्काल उसकी व्यवस्था भी दोपहर बाद कराए जाने की बात अधिकारियों ने कही है। महावीर नगर छोटा बांगड़दा के रहवासियों में इस बीमारी को लेकर खासी हलचल है। जनप्रतिनिधियों को भी इसकी जानकारी भेजी गई है। इस वार्ड का कुछ हिस्सा विधानसभा 1 में भी आता है और बड़ा हिस्सा देपालपुर विधानसभा में भी आता है। दोनों विधायक भाजपा के हैं और पार्षद भी भाजपा की है। इस बोरिंग के होल के समीप ही एक ड्रेनेज का पानी का होल दिखाई दे रहा है और दूषित पानी अन्दर जा रहा है, समीप से ही एक नल की लाइन भी जाती दिख रही है। उल्लेखनीय है कि भागीरथपुरा क्षेत्र में कुछ माह पूर्व नलों से दूषित पानी घरों तक पहुंचा था और बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु हुई थी और बड़ी संख्या में लोग पीड़ित भी हुए थे, जिससे मामला भोपाल व दिल्ली तक छाया था। अब आज जैसे ही अधिकारियों को इसकी भनक लगी वैसे ही अधिकारी दौड़ पड़े।

# बरलाई शक्कर मिल पर किसानों का धरना...

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बरलाई सहकारी शक्कर कारखाना अंशधारक किसान संघर्ष समिति के बैनर तले आज सुबह 10 बजे से बरलाई शक्कर मिल परिसर के मुख्य द्वार पर अंशधारक किसानों का धरना-आंदोलन आयोजित किया गया। टेंट लगाकर यह धरना किसानों के साथ कांग्रेस नेता मोतीसिंह पटेल ने शुरू कराया। इस धरना



प्रदर्शन में मोतीसिंह पटेल, नरेंद्र मंडलोई, उमानारायण सिंह पटेल, विक्रम चौधरी, विक्रम मुकाती, विश्वजीत सिंह तंवर, रामेश्वर गुर्जर, कन्हैयालाल ठाकुर, विजेंद्र सिंह, ओमप्रकाश परसावदिया, गोपाल सिंह चौधरी, सूर्यकुमार ओस्तवाल, श्याम सोनी, पवन यादव, सुरेंद्रसिंह ठाकुर, दिनेश मल्हार, सुरेश डाबी, प्रहलाद डाबी आशीष चौबीसिया, चंदू सोलंकी, मनीष चौधरी, इंदर अंजना, दिनेश पटेल, यशवंत केलोदिया, अरविंद त्रिवेदी, लाखन सरपंच, सुरेश पटेल, राजा पटेल, कैलाश डाबी, यशवंत डाबी, बबलू डाबी, मोहन डाबी, संतोष चौधरी, बलराम पटेल, नाथुलाल मंत्री मौजूद थे।

# आग से बचाव की व्यवस्था न होने पर पांच भवन सील

## निगम ने फिर दिया बड़ी कार्रवाई को अंजाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए आग से बचाव की व्यवस्था ना होने के कारण 5 भवनों को सील कर दिया गया। इस सिलसिले में निगम के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।**

ग्रीष्म ऋतु के दौरान संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु नगर पालिक निगम इंदौर के फायर विभाग एवं भवन अनुज्ञा शाखा द्वारा शहर भर में व्यापक स्तर पर फायर सेफ्टी निरीक्षण एवं सर्वे अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, मैरिज गार्डनों एवं अन्य सार्वजनिक भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का परीक्षण किया जा रहा है। भवन अनुज्ञा शाखा के भवन अधिकारियों एवं भवन निरीक्षकों द्वारा शहर के विभिन्न हाई फुट फॉल क्षेत्रों में स्थित भवनों का निरीक्षण कर अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता एवं उनकी कार्य शीलता की जांच की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिन भवनों में आवश्यक फायर सेफ्टी उपकरण स्थापित नहीं पाए गए अथवा स्थापित उपकरण बंद अथवा अनुपयोगी स्थिति






में पाए गए, उन भवनों के स्वामियों एवं संचालकों को नियमानुसार नोटिस जारी किए गए हैं।

आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा हैं कि नागरिकों की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा सभी सार्वजनिक एवं व्यावसायिक भवनों में निर्धारित अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इसी क्रम में नोटिस जारी होने के बाद भी अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाएं स्थापित नहीं करने अथवा उपकरणों को कार्यशील नहीं करने वाले भवनों के विरुद्ध निगम द्वारा सख्त कार्यवाई की जा रही है। अब तक शहर में कुल 76 ऐसे भवनों को सील किया जा चुका है, जिनमें आवश्यक अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाएं नहीं थीं अथवा सुरक्षा उपकरण बंद एवं अनुपयोगी पाए गए थे। निगम द्वारा लगातार निरीक्षण कर ऐसे भवनों की पहचान की जा रही है तथा नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। कल शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित होटलों, कमर्शियल भवनों एवं धर्मशालाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का अभाव पाए जाने पर निगम द्वारा 5 प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सीलिंग कार्रवाई की गई। इनमें निहालपुरा क्षेत्र स्थित 02 होटल, निहालपुरा एवं जवाहर मार्ग क्षेत्र के 02 कमर्शियल भवन तथा 01 जायसवाल धर्मशाला शामिल हैं।

# सरकार को चुनौती देने वाले इंजीनियरों का फिर हुआ तबादला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**राज्य सरकार ने इंदौर नगर निगम के उन सभी इंजीनियरों का फिर से तबादला कर दिया है जिन्होंने कि पिछले तबादला के बाद सरकार को चुनौती दी थी।**

इंदौर नगर निगम में पदस्थ किए गए इंजीनियर शैलेंद्र मिश्रा, प्रभात तिवारी, राहुल रघुवंशी, विनोद अग्रवाल सहित कई उप यंत्री इंदौर से हटाए गए हैं। राज्य सरकार के द्वारा 1 साल पहले शैलेंद्र मिश्रा सहित इन सभी इंजीनियरों के तबादला कर दिए गए थे। उस समय पर इन इंजीनियरों ने तबादला आदेश को न्यायालय में चुनौती देते हुए अपना तबादला रुकवा लिया था। न्यायालय के आदेश के कारण यह सभी इंजीनियर फिर से इंदौर नगर निगम में ही पदस्थ हुए। इसमें मिश्रा उप यंत्री हैं बावजूद इसके जन कार्य विभाग, भवन अनुज्ञा शाखा में पदस्थ होकर पूरा शहर देख रहे हैं। वहीं तिवारी नमामि गंगे के साथ भवन अधिकारी भी हैं। रघुवंशी योजना, यातायात शाखा, भवन अधिकारी हैं और अग्रवाल जोनल अधिकारी हैं। सरकार के द्वारा इन चार इंजीनियरों के साथ ही इस तरह सरकार को चुनौती देने वाले अंकेश बिरथरिया, अंकुश चौरसिया, अतीक खान और शिवराज यादव का भी तबादला कर दिया गया है।

### आठ प्रशासनिक अधिकारियों का भी तबादला

तबादला का सीजन शुरू होते ही राज्य सरकार के द्वारा इंदौर कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ आठ अधिकारियों का भी तबादला कर दिया गया है। कल जारी किए गए आदेश में चर्चित डिप्टी कलेक्टर प्रदीप सोनी को इंदौर से हटा दिया गया है। इसके साथ ही एडिशनल कलेक्टर रोशन राय, डिप्टी कलेक्टर गोपाल वर्मा, एन के त्रिपाठी सहित आठ अधिकारियों का तबादला किया गया है। इंदौर कलेक्टर कार्यालय में तो एक तरह से सरकार ने झाड़ू ही लगा दी है।

### वैश्य हो सकते हैं एडीएम

प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले होने के बाद बनी स्थिति में अब रिंकेश वैश्य बन सकते हैं एडीएम मुख्यालय। अजीत श्रीवास्तव, चरणजीत सिंह हुड्डा को भी मिल सकता है एसडीएम प्रभार। जिले से आठ प्रशासनिक अधिकारियों का हुआ तबादला। 6 प्रशासनिक अधिकारी इंदौर आए हैं।

### केन्द्रीय जेल अधीक्षक का भी तबादला

शासन के जेल विभाग ने जेल अधीक्षकों के तबादले किए, जिसमें इंदौर की केन्द्रीय अधीक्षक अलका सोनकर का भी तबादला भोपाल मुख्यालय जेल पर किया गया है। वहीं भोपाल केन्द्रीय जेल अधीक्षक दिनेश नरगाय का तबादला केन्द्रीय जेल इंदौर में हुआ है। इस तरह दोनों अधीक्षक की अदला-बदली एक-दूसरे के स्थान पर हुई है, यह आदेश उपसचिव कमल नागर ने जारी किए हैं।

## घर की तीसरी मंजिल से गिरकर युवक की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक युवक की अपने ही घर की तीसरी मंजिल की छत से नीचे गिरने के कारण मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची गांधी नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

मृतक की पहचान बंटी पिता रामरतन (35) निवासी गिरनार परिसर के रूप में हुई है। परिजनों और आसपास के लोगों से मिली प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, बंटी अत्यधिक नशा करने का आदी था और अक्सर नशे की हालत में रहता था। कल वह अपने घर की तीसरी मंजिल की छत पर मौजूद था, जहाँ अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण वह सीधे नीचे कंक्रीट के फर्श पर आ गिरा।तीसरी मंजिल से गिरने के कारण बंटी के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर व जानलेवा चोटें आईं, उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहाँ उसने दम तोड़ दिया।

## भोज के कारण कांग्रेस की पहुंची फौज गंदे पानी की बॉटल भी हुई एकत्रित





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल कांग्रेस कार्यालय में 85 वार्डों के मंडलम अध्यक्षों और विधानसभा प्रभारियों के साथ प्रमुख नेताओं को भी कल शाम आमंत्रित किया गया था। सभी को कहा गया था कि अपने-अपने क्षेत्र से जहां-जहां गंदा पानी आ रहा है वे गंदे पानी का सेम्पल बॉटल में लेकर पहुंचे। कल बड़ी संख्या में गंदे पानी की बॉटल गांधी भवन पहुंची, जिन्हें चिह्नित कर रखवाया गया। कांग्रेस एक साथ सारे इंदौर के गंदे पानी की बॉटल महापौर को भेंट करेंगी। कल शाम को मीटिंग के बाद भोज का आयोजन किया गया था। भोजन के कारण बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की फौज पहुंची। बैठक में युवा स्वाभिमान साइकल यात्रा और गंदे पानी को लेकर चर्चा हुई। आगामी रणनीति भी बनाई गई। वार्ड अध्यक्ष, वार्ड प्रभारी, महिला प्रभारी की मौजूदगी रही। कल महिलाओं की संख्या भी अच्छी उपस्थिति थी, फिर से ब्लॉक अध्यक्ष बने राहुल धाकरे का सम्मान भी किया गया।

# घर-घर चलो और राय दो अभियान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 4 में कांग्रेस नेता सन्नी राजपाल और हिमांशु यादव ने कल 'घर-घर चलो, राय दो अभियान' की शुरुआत की। अभियान के तहत क्षेत्र के प्रमुख नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से गोपनीय मत संग्रह बैलेट पेपर के माध्यम से राय ली जा रही है। विधानसभा 4 में अनुभवी और सक्रिय प्रभारी बनाने को लेकर दोनों कांग्रेस नेता कल करीब एक दर्जन से अधिक वरिष्ठ कांग्रेसियों के यहां पहुंचे और उनसे फीडबेक लेकर उनकी वीडियो भी बनाई और उनका मत भी डब्बे में डलवाया। विधानसभा 4 को संगठित कर मजबूत बनाया जाए, जमीनी कार्यकर्ताओं की सुनवाई हो, उनकी समस्याओं का



समाधान हो, बूथ स्तर तक का संगठन मजबूत हो, आगामी नगर निगम चुनाव और उसके बाद विधानसभा चुनाव को देखते हुए लगातार बैठक के दौर चले जिससे संगठन मजबूत किया जा सके, इस पर भी चर्चा की गई। जो गोपनीय मत प्रभारी को लेकर संग्रह किए गए हैं वे एक साथ कांग्रेस हाईकमान तक पहुंचाए जाएंगे। राजपाल और यादव ने बताया कि वरिष्ठ नेताओं ने इस अभियान का समर्थन किया। कल सुरेश मिंडा, केके मिश्रा, अभय वर्मा, सादिक खान, विकास जोशी, दिलीप ठक्कर, गोपाल दरियानी, आशीष लाहोटी, प्रहलाद महावर, मनीष मिंडा, आलोक वर्मा सहित अन्य के मत लिए गए। यह अभियान एक माह तक चलाया जाएगा और जो भी राय इस एक माह में आएगी उस राय को जीतू पटवारी और सज्जनसिंह वर्मा के समक्ष खोला जाएगा और हर राय पर वीडियो बनाई जा रही है वह वीडियो भी भेजी जाएगी।



## बर्थ-डे में जा रहे मासूम की सड़क हादसे में मौत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। भंवरकुआं थाना क्षेत्र के** पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप हुए एक दर्दनाक हादसे में 6 साल के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मासूम प्रियांशुसिंह तोमर (6) अपने पिता सचिन तोमर निवासी हम्माल संघ कॉलोनी और चाचा के साथ बाइक पर सवार होकर एक बर्थ-डे पार्टी में जा रहा था तभी पिछे से आए लोडिंग वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, टक्कर लगने के बाद सड़क पर गिरे मासूम को लोडिंग वाहन चालक ने चपेट में ले लिया। इस हादसे में मासूम की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उठावना



अत्यंत दुख के साथ सुचित करने में आता है कि स्वर्गीय श्री जितेन्द्रसिंह सोलंकी (खलीफा) की सुपुत्री, मुकेशसिंह सोलंकी (खलीफा) की छोटी बहन एवं कुलदीपसिंह भाटी की धर्मपत्नी श्रीमती राखी सिंह (मंजु) का श्रीजी शरण 13/06/2026, शनिवार को हो गया है।

✻ उठावना ✻
दिनांक 16/06/2026, शाम 5.00 बजे
स्थान : बनवारीलाल जाजु सभागृह, माहेश्वरी विद्यालय परिसर, 51, छत्रीबाग, इन्दौर

शोकाकुल (ससुराल पक्ष) : स्व. श्री धर्मवीरसिंह, स्व. श्री राजेन्द्रसिंह कुशलपालसिंह, संदीपसिंह करणसिंह, अर्जुनसिंह एवं समस्त भाटी परिवार

शोकसतृप्त परिवार (मायका पक्ष) : राजेन्द्रसिंह, नरेन्द्रसिंह, अजयसिंह सुनीलसिंह, मनीषसिंह (अंतु) सिद्धार्थसिंह,राहुलसिंह, विजयसिंह, अंशसिंह, मुदितसिंह एवं समस्त सोलंकी परिवार



## राष्ट्रीय ग्रैंड फिनाले

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विद्यार्थियों में भाषा ज्ञान, सही वर्तनी, उच्चारण और शब्दावली के विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित अल्फा स्टार स्पेलिंग बी का राष्ट्रीय ग्रैंड फिनाले हायर सेकेंडरी स्कूल विजय नगर में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की गई। बाहर के राज्यों से भी विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## भजन संध्या आयोजित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पवन एवं मनीष शर्मा की स्मृति में विवेक मेहता ने भजनों की प्रस्तुति दी। दीपक शर्मा, प्रबल शर्मा, दिव्यांश शर्मा, संगीता शर्मा,



दुर्गा शर्मा, सीमा शर्मा, मिष्ठी शर्मा, हर्ष मेहता, महेश मेहता मौजूद थे।

# सरस्वती मंदिर पर जबरन वसूली के खिलाफ बैठक



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

निपानिया क्षेत्र की कई कालोनियों में शादी, पुत्र रत्न, मकान मुहूर्त अवसर पर किन्नरों द्वारा नेग की राशि के नाम पर कथित जबरन वसूली के खिलाफ रहवासियों ने सरस्वती मंदिर पर टास्क फोर्स बैठक आयोजित की। नेग के नाम पर 51 हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक की मांग की जाती है। इस पर चिंता व्यक्त करते हुए उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से कुछ मानक राशि निर्धारित करने का निर्णय लिया। निर्णय के अनुसार क्षेत्र के रहवासी विभिन्न त्योहारों एवं सामान्य अवसरों पर घर आने वाले किन्नर समुदाय के लोगों को 100 से 201 रुपये तक नेग के रूप में प्रदान करेंगे। वहीं नए भवन के गृहप्रवेश अथवा मुहूर्त जैसे अवसरों पर 1100 से 2100 रुपये तथा परिवार में नवजात शिशु के आगमन पर 1100 रुपये तक नेग देने का सामूहिक निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि निर्धारित राशि के बावजूद किसी परिवार पर दबाव बनाया जाता है, अभद्र व्यवहार किया जाता है अथवा किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है तो संबंधित परिवार तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर वार्ड 36-37 टास्क फोर्स के सदस्यों से भी संपर्क कर त्वरित सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में राजेश तोमर, संदीप जोशी, कृष्ण कुमार वर्मा, रुपेश शर्मा, संजय यादव, नारायण प्रसाद पगारे, रुपेश मालवीय, लकी रघुवंशी, शिवबहादुर सिंह, अमित त्रिवेदी, राकेश जायसवाल, गौरव डाबर, सचिन जैन, दुष्यंत शर्मा, विवेक शर्मा, अमोल पाटिल, महीप धींग उपस्थित रहे।

# काव्य गोष्ठी में प्रस्तुति



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद महू इकाई ने कोदरिया महू में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। रचनाकारों ने प्रस्तुतियां दी। द्रोणाचार्य दुबे, डॉ. विमल सक्सेना, रमेश जैन राही, डॉ. संजय श्रीवास्तव, ललिता जोशी, धीरेन्द्र जोशी, डॉ. उषा किरण त्रिपाठी, राधेश्याम गोयल, हरीश वर्मा हंस, पायल परदेशी, मीनाक्षी यादव, कीर्ति श्रीवास्तव, अनिरुद्ध कुशवाह, पवन जोशी, यश कौशल, नीरज शर्मा, श्रीराम पटेरिया, रामलाल प्रजापति ने अपनी भूमिका निभाई।




# 120 प्रतिभावान छात्र-छात्राएं सम्मानित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आजाद माइनॉरिटी स्कूल्स एसोसिएशन, आजाद नगर द्वारा 'मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें 120 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। अब्दुल हफीज बनारसी,डॉ. इशरत अली, शफी शेख, मयूरी जैन, शारिब खान, शेख शाकिर, सलमान हाशमी, अंसार पटेल और डॉ. अनीस, जावेद खान और रमीज़ खान, अभिभावक, शिक्षकगण मौजूद थे।

# ईद मिलन का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अल तंजील सोसायटी के जेरे एहतेमाम ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी भी आयोजित हुई। डॉ. शरद पंडित, राहुल निहोरे, राहुल मांडले, तारिक शेख, शफी शेख, असद खान, इरशाद अली, इस्माइल खान, डॉ. नय्यर फादर पायस जालिम सिंह, असलम कुरैशी, जालिम सिंह अहिरवार, आईएएस पाल, सारिका श्रीवास्तव, डॉ. कैलाश जोनवाल, जितेन्द्र यादव, नीतेश बोरासी मौजूद थे।




## संकल्प पत्र भरवाए गए

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव एवं लगातार लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर सेवा सेतु शिक्षा एवं जनकल्याण समिति द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शहर के प्रमुख चौराहों पर आम नागरिकों से



यातायात नियमों के पालन हेतु संकल्प पत्र भरवाए जा रहे हैं। महू नाका चौराहा पर छत्रीपुरा थाना टीआई संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया और संकल्प पत्र भी भराए गए। हिमांशु यादव, शैलेष त्रिपाठी, अजय भट्ट, संजय तिसगावकर, आशीष शुक्ला, अंतर सिंग़ राजपूत, संदीप सोनी, नितिन यादव, राजेश परमार मौजूद थे।

# विश्व रक्तदान दिवस पर सम्मान



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

डॉ. दादू महाराज संस्थान इंदौर द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान दाताओं का सम्मान किया गया, प्रमुख रूप से 134 बार रक्तदान करने वाले डॉ. अभिजीत तायडे को शॉल, श्रीफल, अंगवस्त्र, पुष्पमाला देकर डॉ. दादू महाराज द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही रक्तदान दाताओं आशीष साहू, उज्वला मर्खेडकर, सनी जादम, सौरभ मर्खेडकर, नानेश तायडे के रक्तदान के प्रति जागरूकता के लिए प्रशंसा कर प्रति 17 जनवरी धाम स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर लगाने का संकल्प भी लिया गया। सपना संगीता स्थित भगवानदीन नगर, सुहाना गार्डन में देर रात हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। प्रारंभ में शनि चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इस अवसर पर दादू महाराज ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि इसे हर स्वस्थ व्यक्ति को समय समय पर करते रहना चाहिए क्योंकि रक्त का कोई विकल्प नहीं है, कई गंभीर मामलों में समय पर रक्त नहीं मिलने पर मरीजों की जान भी चली जाती हैं। स्वागत मनोज हार्डिया, प्रताप तोलानी और गिरीश चव्हाण ने किया, संचालन विजय अंबेकर ने और अंत में आभार अलका सैनी ने माना। प्रमुख रूप से संदीप अंबेकर, विनायक विपट, अशोक भुसारी, नवीन मंडलोई उपस्थित रहे।

## 302 रक्तदाताओं का सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

ब्लड कॉल सेंटर पर जिन 302 रक्तदाताओं का सम्मान किया गया उनमें शिर्डी से आए रवीन्द्र अष्टेकर भी शामिल थे जिनके रक्त का ग्रुप 'बॉम्बे ग्रुप' है, जो 10 लाख लोगों में से किसी



एक का होता है। अष्टेकर ने इंदौर स्थित ब्लड कॉल सेंटर पहुंचकर रक्तदान भी किया।



# विकलांग सेवा एवं स्वास्थ्य शिविर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

संस्था महाकाल सेवा फाउंडेशन द्वारा विकलांग सेवा कार्य एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन चंदन नगर में किया गया। पौधों का वितरण भी किया गया। प्रियांशु पांडे, एमआईसी सदस्य बबलू शर्मा, सतीश बैरागी मौजूद थे।



# जैन समाज के 101 ग्रुप साथियों ने किया भक्तिमय पूजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप द्वारा शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर गोयल नगर में विश्व शांति एवं अच्छी वर्षा की कामना को लेकर 101 ग्रुप साथियों ने एक साथ पूजन आराधना के साथ कामना की। होलासराय सोनी, आशा सोनी, संजय जैन, नीरज जैन, राजेन्द्र ज्योति जैन, राजेन्द्र प्रीति जैन, मुकेश ऋतु जैन, डीके जैन, सतीश रीता वेद, भरतेश पुष्पा जैन, डॉ. संगीता विनायका, डॉ. चंदा बड़जात्या, सुधीर रजनी जैन, संगीता मेहता, विमल अजमेरा, अविनाश जैन, दिलीप मेहता, सोहनलाल सरावगी, अरुण जैन, दिलीप पाटनी, मुकेश जैन, पारस विनायका, जयप्रकाश भरडा, राजकुमार बड़जात्या, भरतेश जैन, आशीष झांझरी, कमल पाडलियाँ, नरेंद्र जैन, तेजकुमार काला, प्रमिला पाटनी उपस्थित थे।

## साहित्य सागर संस्था का सम्मेलन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। साहित्य सागर संस्था ने अटल परिसर में सम्मेलन आयोजित किया। रचनाएं और कविता की प्रस्तुति के अलावा विचार भी व्यक्त किए गए। सतीश पावेचा, प्रवीण व्यास, प्रदीप शुक्ला, शंकर राव मौरे, रमेश शर्मा, अरविंद आचार्य, मदनलाल अग्रवाल, रामहरी राठौर, राकेश निगम, सुभाष पावेचा, डॉ. शशि निगम, सुभाषचंद्र निगम, केके कोशल, श्यामसुंदर सोनी, गुरमीत चावला सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

## उपपंजीयक डोडियार का निधन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रजिस्ट्रार विभाग से जुड़े एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि नीमच से स्थानांतरित होकर गत वर्ष इंदौर आए उपपंजीयक शिशिर डोडियार का कल हृदयगति रूक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। आज उपपंजीयक कार्यालय में शोक सभा भी रखी गई।

# जिला शिक्षा अधिकारी के पास भेजना होंगे चित्र

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। निगम आयुक्त ने सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों की रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर बैठक आयोजित की थी उसके बाद अब जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शासकीय-अशासकीय स्कूलों को पत्र लिखा, जिसमें स्कूलों को यह निर्देशित किया गया कि विद्यालय की छत का पानी जमीन में एकत्रित करने के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग कराया जाए और इसके चित्र नोडल अधिकारी आरती पटेल के पास 30 जून तक अनिवार्य रूप से भेजे जाए। इधर झोन से संबंधित निगम अधिकारी भी लगातार स्कूल को पत्र दे रहे हैं।



# माहेश्वरी पंचायती ट्रस्ट ने कराई पूर्णाहुति और ब्राह्मण सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री माहेश्वरी साढ़े सात सौ पंचायती ट्रस्ट द्वारा पुरुषोत्तम मास पर धार्मिक आयोजन कराए। अधिक मास कल पूर्ण हुआ तो विशेष आयोजन हुए। लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई। 108 ब्राह्मणों का सम्मान भी किया। भगवान श्रीहरि विष्णु का अभिषेक, पूजन, महाआरती की गई। सामूहिक गीता पाठ किया गया। लक्ष्मण पटवा, मुरलीधर नवाल, अमरीश दम्माणि, सत्यनारायण मूंदड़ा, देवेन्द्र मुछाल सहित अन्य मौजूद थे।

## कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज से 23 जून तक 5वीं और 8वीं माध्यमिक शिक्षा मंडल की पुनःपरीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थित विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश भर में 2795 परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। परीक्षा आज सुबह 10 बजे से शुरू हुई। प्रदेश भर में इस पुनःपरीक्षा में 5वीं के 1 लाख 17 हजार और 8वीं के 1 लाख 32 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। प्रश्नपत्रों की गोपनीयता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रश्नपत्रों की ऑन स्पॉट प्रिंटिंग परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्ष द्वारा की जाएगी। परीक्षा पोर्टल से प्रश्नपत्रों को डाउनलोड एवं प्रिंट करने के लिए जिला परियोजना समन्वयक को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## शिव-पार्वती मंदिर में मनोरथ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रेम नगर माणिकबाग रोड स्थित शिव-पार्वती मंदिर में कल सोमवती अमावस्या पर मनोरथ किया गया। रेखा श्रीकांत शर्मा ने यहां पुजारी के माध्यम से विशेष श्रृंगार करवाया और आरती भी की।





# माहेश्वरी संस्कृतिक ने कराई सदाबहार नगमों की प्रस्तुति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

माहेश्वरी संस्कृति ग्रुप के मुनिष मालानी ने बताया कि महेश नवमी के पूर्व लता मंगेशकर सभागृह में गायिका आकांक्षा जाचक की संगीत संध्या का आयोजन किया। सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां हुई। मुनीष किरण मालानी, श्याम राजश्री माहेश्वरी, मुकेश सारडा, सुनील अनिता न्याती, रामेश्वर राजू बिन्नानी सहित अन्य मौजूद थे।

# गिरनार अस्मिता पर जैन समाज का शंखनाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



गिरना महातीर्थ की पांचवीं टोंक को बचाने के लिए इंदौर में भी शंखनाद किया गया। राजेश जैन ने बताया कि सकल जैन समाज सामाजिक संसद, विश्व जैन संगठन, राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ के पदाधिकारी और जैन समाजजनों ने जैन आदीसन आश्रम में बैठक आयोजित की। गिरनार धरोहर रक्षा का संकल्प लिया गया। 20 जुलाई को गिरनार सिद्ध क्षेत्र पर करीब ढाई हजार जैन समाजजन इंदौर से पहुंचेंगे। इसके पहले 9 जुलाई को नेमी गिरनार धर्मयात्रा के इंदौर आगमन पर स्वागत किया जाएगा और 18 जुलाई को इंदौर से ढाई हजार जैन समाजजन इंदौर से गिरनार के लिए प्रस्थान करेंगे। नकुल पाटोदी, डीके जैन, महेन्द्र जैन, जैनेश झांझरी, राजेश जैन, सत्येन्द्र जैन, संजय अहिंसा, महेन्द्र पहाड़िया, अनिल जैनको, सुदीप जैन, संजय काका, राहुल जैन, ओम पाटोदी, हर्ष जैन, आनन्द गोधा सहित अन्य मौजूद थे।



## गौसेवा समिति की गौसेवा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गौसेवा समिति ग्रुप से जुड़े सदस्यों ने पूर्णिमा के बाद कल अमावस्या पर भी गौसेवा का अभियान हंसदास मठ गौशाला में चलाया। 151 किलो चने की दाल सहित अन्य खाद्य सामग्री से गौ पेटपूजा कराई, गौपूज, गौ आरती की गई। इस अवसर पर विजयकुमार शारदा श्याम, अनुराग नीमा, चन्द्रशेखर नीमा, विष्णु गुप्ता सहित मौजूद थे।

## रमेश दोशी का सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कैंसर पीड़ितों को घर बैठे दवाईया उपलब्ध कराने वाले समाजसेवी रमेश दोशी का सम्मान सुभाष चौक मित्र मंडल द्वारा किया और आर्थिक राशि भी दी गई। अनिल जैन, अशोक पाटनी, कांति टोंग्या, दिलीप वोरा, योगेन्द्र जैन मौजूद थे।



## दिव्यांग बच्चों ने दी गीतों की प्रस्तुति

इंदौर। रात शांति आशियाना में दिव्यांग उत्कर्ष फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत इस विशेष कार्यक्रम में दृष्टिबाधित बच्चों ने अपनी सुरीली आवाज और जादुई कला से वहां मौजूद हर शख्स का दिल जीत लिया। एक के बाद एक प्रस्तुतियां दी गई। भावना दुबे, मनीषा चेलावत, विजया जैन, कल्पना पटवा, मोना भाटिया, सतीश सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

# ऊपर वाले से जुड़ने का जरिया है कब्बाली-पद्मश्री साबरी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



ऊपर वाले से जुडने का जरिया है कब्बाली। अब आप ऊपर वाले का नाम कुछ भी रख सकते हैं। हमारे देश की पुरानी परम्परा है, जिसका निर्वहन संत, सूफी और तमाम धर्मों के लोग संगीत के माध्यम से कर रहे हैं और यह परम्परा रहती दुनिया तक कायम रहेगी। यह बात कब्बाल एवं सूफी गायक पद्मश्री असलम साबरी ने कही। वे सोमवार को इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर वर्ल्ड सूफियाना कौंसिल के चेयरमैन सैयद मोहम्मद जिलानी भी मौजूद थे। साबरी ने सूफी संगीत से जुड़ी कई गहरी बातें की और अपने मिजाज के मुताबिक कई शेर और अपनी गाई नज्में भी सुनाई इनमें सुप्रसिद्ध कब्बाली तुझे प्यार करते-करते मेरी उम्र बीत जाए विशेष फरमाईश पर सुनाकर माहौल सुरमई बना दिया। जिलानी ने देश के वर्तमान हालातों पर चिंता जताते हुए कहा कि नफरत का जो माहौल इन दिनों बनाया जा रहा है वह न देश के हित में और न इंसानियत के। उन्होंने कहा कि सूफियाना कौंसिल अमन-चैन स्थापित करने के काम में लगी है। पिछले दिनों देशभर में शांति यात्रा निकाली गई थी, उसी कड़ी में अब अलग-अलग मजहब और धर्म गुरुओं के साथ मिलकर प्रयास किए जा रहे हैं ताकि देश में अमन-चैन और खुशहाली का माहौल पुनर्स्थापित किया जा सके।

# माहेश्वरी समाज करेगा मेधावी छात्रों का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज के महेश राठी गुड्डा, उमेश समदानी ने बताया कि महेश नवमी अवसर पर बिजासन क्षेत्र द्वारा 20 जून शनिवार की सुबह 9 बजे से शिव मंदिर महेश नगर में अभिषेक, पूजन और आरती का आयोजन किया जाएगा। वहीं 20 जून की ही शाम 6.30 बजे से महेश नगर धर्मशाला में मेधावी छात्र सम्मान समारोह होगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएगी। उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सोमानी ने बताया कि शाम को बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज समाजजनों एवं आमंत्रितों का भोज भी आयोजित किया गया है। मेघावी छात्रों के लिए 17 जून तक नाम आमंत्रित किए गए है।



# महासभा ने किया भंडारा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अग्रसेन महासभा, द्वारा पंचकुइया वीर अलीजा सरकार मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया। राजेश जिंदल, अनूप अग्रवाल, राजेश मित्तल चौधरी, राजेश बंसल, प्रमोद बिंदल मौजूद थे। गौसेवा में गौ को छप्पन भोग लगाए और पूजा की गई।

# परिचय सम्मेलन में आई 198 प्रविष्टियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



श्री अग्रवाल समाज सोशल ग्रुप एवं परिचय बेला द्वारा 12 जुलाई को परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में अभी तक 198 प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं। ख़जराना गणेश बाबा को पहला निमंत्रण दिया गया। विनोद बंसल, पंकज जय गणेश, मुकेश मंगल, मधु मंगल, वर्षा बंसल, गौरव अग्रवाल, विमल अग्रवाल, देवेंद्र गोयल, नंदकिशोर अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, रवि अग्रवाल, ओम अग्रवाल, सौरभ बंसल, धर्मेंद्र अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, विशाल पोरवाल, शीतल शर्मा, प्रद्युम्न जैन, सुनीता बंसल मौजूद थे।



# मठ पर अनुष्ठानों की पूर्णाहुति

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गत 16 मई से चल रहे 108 भागवत के मूल पारायण सहित विभिन्न दिव्य अनुष्ठानों की पूर्णाहुति कल की गई। रामचरणदास महाराज, पवनदास महाराज सहित अन्य संत-महंत मौजूद थे। सभी देवालयों में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया।

# तीन दिवसीय संस्कार शाला



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण नगर सभा के तत्वावधान में आयोजित तीन-दिवसीय ब्राह्मणत्व संस्कार शाला आयोजित की गई। देवेश्वर जोशी ने कर्तव्यों का बोध कराया। वीरेन्द्र व्यास, डॉ. सोमेश्वर जोशी, दिनेश शर्मा, के.सी. शर्मा, अरविन्द तिवारी, विवेक व्यास, सतीश व्यास, रंगीमा जोशी, माया शर्मा, देवेश्वर जोशी, कमलेश तिवारी, जयंत उपाध्याय सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

# कल निकलेगी 'प्रताप पराक्रम यात्रा'

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मां करणी सेना द्वारा परंपरा अनुसार इस वर्ष भी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप और महाराजा छत्रसाल की जयंती पर मैरिएट से बॉम्बे हॉस्पिटल तक 'प्रताप पराक्रम यात्रा' कल 17 जून को निकाली जाएगी। बडी संख्या में राजपूत समाजजन मौजूद रहेंगे। बॉम्बे हॉस्पिटल स्थित महाराजा छत्रसाल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।



# गिटार प्रशिक्षण शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर प्रेस क्लब द्वारा निःशुल्क गिटार प्रशिक्षण शिविर कल शुरू हुआ। कब्बाल एवं सूफी गायक पद्मश्री असलम साबरी विशेष रूप से मौजूद थे। दीपक कर्दम, प्रदीप जोशी, संजय त्रिपाठी, मुकेश तिवारी,अभय तिवारी, प्रमोद दीक्षित, श्याम कामले, अभिषेक रघुवंशी, दिलीप राजपाल, डॉ. अर्पण जैन, अनिल त्यागी, रोहित तिवारी, मोहम्मद अफजल, खुशबू यादव मौजूद थे।

# मालवीय प्रदेश महासचिव



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बन्ना मालवीय अंबेडकर को 'भीम आर्मी ब्लू पैंथर' भारत एकता मिशन का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है।

# मीडिया शोध का पत्र अंग्रेजी में आया तो विरोध

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विश्वविद्यालय द्वारा मीडिया शोध की परीक्षा एमजे पत्रकारिता पाठ्यक्रम की कल हुई। प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी में आया। इसका विद्यार्थियों ने विरोध किया। जैसे-तैसे हिन्दी में अनुवाद कर प्रश्न-पत्र को हल किया गया, जब विरोध हुआ तो रजिस्ट्रार ने भी परीक्षा का समय अतिरिक्त दिया।

विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था पर सवाल भी उठाए गए और विद्यार्थियों ने नाराजगी भी जताई। विद्यार्थियों का कहना था कि जब हिन्दी माध्यम के छात्र भी अध्ययनरत है तो प्रश्न-पत्र को दो भाषाओं या हिन्दी में उपलब्ध कराना चाहिए था, केवल अंग्रेजी में प्रश्न-पत्र देने से हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। इससे पूर्व भी मीडिया शोध विषय के प्रश्नपत्र में बड़ी त्रुटि सामने आई थी उस समय 100 अंकों के प्रश्नपत्र की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 50 अंकों के आधार पर कर दिया गया था, जिसके कारण विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था, लगातार सामने आ रही ऐसी खामियों के बाद विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से परीक्षा संचालन में सुधार और हिन्दी माध्यम के छात्रों के हितों का ध्यान रखने की मांग की है। रजिस्ट्रार प्रज्जवल खरे ने बताया कि सुधार किया गया है, प्रश्न पत्र में इंग्लिश में हिंदी का अनुवाद किया है, वहीं जब कॉपियां जांचने जाएगी तो साथ भेज देंगे ताकि विद्यार्थियों को परेशानी न हो। ऐसी व्यवस्था की जा रही है।



# महाराणा प्रताप के जयकारों के साथ अश्व प्रतियोगिता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

देश के वीर सपूत महाराणा प्रताप की जयंती अवसर पर चेतक की स्मृति में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। महाराणा प्रताप के जयकारे भी पालाखेड़ी श्रीराम मंदिर परिसर में लगे। पवनसिंह चावड़ा, शुभम चावड़ा, कृष्णा चावड़ा, अभिषेक डाबी, रवि सिंह, राजेंद्र सिंह, जीवनसिंह चावड़ा, कमलसिंह डाबी, गौरव सिंह, समर, उदयसिंह कुशवाहा, हवनसिंह चावड़ा, ईश्वर सिंह, पदमसिंह चावड़ा, प्रेमसिंह ढाबली, कैलाश पवार, दुलेसिंह राठौड़, कमलेश्वरसिंह सिसोदिया, जयसिंह दरबार, रूपसिंह तंवर, बाबूसिंह तंवर उपस्थित रहे।

# वार्ड 54 में पिंकसिटी कॉलोनी के सामने लाखों खर्चकर होगा नया योगा शेड तैयार

## क्षेत्र के हजारों रहवासियों को घर के नजदीक मिलेगी स्वस्थ रहने की सौगात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक चोपन के अंतर्गत क्षेत्र की पॉश कॉलोनी पिंकसिटी के सामने स्थित ग्रीन बेल्ट के बड़े हिस्से में सौंदर्य करण और सजाने - संवारने की योजना के अंतर्गत भव्य योगा शेड का निर्माण किया जा रहा है। जिससे आने वाले मानसून सीजन में क्षेत्र के रहवासी परिवारों को अपने घर के नजदीक ग्रीन बेल्ट की लंबे समय से उजाड़ जगह पर हरियाली के बीच नए बगीचे में सौंदर्यकरण के साथ भव्य वॉटरप्रूफ योगा शेड का भी लाभ मिलने लगेगा। जिसके लिए यहां इन दिनों योगा शेड निर्माण का कार्य तेजी के साथ शुरू भी हो चुका है ताकि जल्द लोगों को इसका लाभ मिले।



### मयूरनगर, पिंकसिटी, मेट्रो सिटी के सैकड़ों परिवारों को मिलेगी सुविधा

बड़ी बात यह है कि क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल के लगातार प्रयासों के साथ विधायक महेंद्र हार्डिया और महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा भी क्षेत्रीय पार्षद बसवाल और रहवासियों की मांग पर क्षेत्र में पहली बार पिंकसिटी कॉलोनी के ठीक सामने लंबे समय से विरान पड़े ग्रीन बेल्ट के हिस्से में हरियाली के बीच भव्य योगा शेड का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है ताकि क्षेत्र के सैकड़ों रहवासी अपने घर के नजदीक स्वस्थ एवं फिट रहने के लिए सुबह-शाम वाटरप्रूफ योगा शेड में आराम से बिना किसी परेशानी के योग कर सकेंगे। जिसके लिए इन दिनों यहां नवीन योगा शेड हॉल का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।

### पॉश कालोनी वालों के साथ मध्यमवर्गीय परिवारों को भी मिलेगा लाभ

वहीं खास बात यह है कि एक तरफ क्षेत्र की पॉश कालोनी पिंक सिटी, मेट्रो सिटी, सपना-संगीता और लाभम जैसी कालोनियों के साथ मध्यमवर्गीय परिवारों की मयूर नगर, साटम पार्क,शांति नगर, इंद्रीश नगर के अलावा आसपास की अन्य कालोनियों के रहवासियों को भी अपने घर से ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा। पार्षद के प्रयासों से ग्रीन बेल्ट के बड़े हिस्से में योगा शेड के अलावा सौंदर्यकरण और साज-सजावट के कार्यों के साथ अन्य विकास कार्यों का भी लाभ मिलेगा ताकि यहां आने वाले लोग योग के साथ मनोरंजन और अन्य गतिविधियां भी कर सकेंगे। पार्षद बसवाल ने बताया कि विधायक हार्डिया के सहयोग से यहां जिम के आधुनिक उपकरण भी लगवाएंगे ताकि लोग स्वस्थ रहने के लिए योग के साथ अपनी फिटनेस बनाने के लिए जिम भी कर सकेंगे। जिससे एक ही स्थान पर स्वस्थ रहने के लिए योग और कसरत दोनों का निशुल्क लाभ ले पाएंगे।

# खजराना मंदिर क्षेत्र में गणेशपुरी कालोनी की जलजमाव समस्या का होगा समाधान

## सालों पुरानी समस्या को दूर करने के लिए अब लाखों खर्चकर होगा स्थायी निराकरण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 40 के अंतर्गत खजराना मंदिर क्षेत्र की गणेशपुरी कॉलोनी में मेंन रोड के सामने वाली गली में सालों पुरानी जल जमाव की समस्या के समाधान के लिए अब काम शुरू होगा। जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार के प्रयासों से निगम द्वारा आने वाले दिनों में बेहद जल्द यहां करीब 16 लख रुपए के आसपास खर्च कर जल जमाव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए नरम सतह वाली जगह पर सीमेंट कंक्रीट सड़क का निर्माण किया जाएगा जिससे बारिश के सीजन में यहां गली के भीतर लोगों के घरों के सामने जल जमाव की स्थिति फिर से न पैदा हो। जिसके लिए निगम ने यहां के जनप्रतिनिधियों की मांग पर निविदा संबधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

रहवासी बोले लंबे समय से भीतर की



**सड़क का लेवल है गड़बड़**

वहीं खास बात यह है कि खजराना मंदिर क्षेत्र से जुड़ी गणेशपुरी कालोनी में भीतर के मकान नंबर 134 के सामने वाली गली में सड़क का लेवल गड़बड़ और लंबे समय से सड़क भी ऊबड़ - खाबड़ होने से हर साल मानसून सीजन में बरसाती पानी जमा होने की समस्या रहती है। जिसको लेकर रहवासियों ने कई बार निगम अधिकारियों को शिकायत की थी। बावजूद किसी ने ध्यान नहीं दिया। वहीं अब क्षेत्रीय पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार द्वारा रहवासियों की मांग पर निगम से यहां की फाइल मंजूर करवाई है।सालों पुरानी समस्या का समाधान करने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत आने वाले दिनों में बेहद जल्द हर साल बरसाती पानी जमा होने की समस्या का समाधान किया जाएगा, ताकि लोगों को बारिश में परेशान नहीं होना पड़े। रहवासी गणेश पाटीदार, मुकेश चौधरी, दिलीप पटेल, दीनदयाल मुकाती ने बताया लंबे समय की जल जमाव की समस्या का समाधान होने से क्षेत्र के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी साथ ही अब बरसात में घरों के सामने बारिश का पानी जमा नहीं होगा। यही नहीं सड़क का लेवल सुधारकर यहां नई सीमेंटेड सड़क निर्माण का कार्य भी किया जाएगा।

# बस स्टेंड के सामने से हॉस्पिटल तक आधी से ज्यादा सड़क तैयार,फिर भी नहीं हटे अभी तक बाधक पोल और डीपी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। तीन इमली चौराहे पर बस स्टैंड के सामने से लेकर जूपिटर हॉस्पिटल तक निगम द्वारा लंबे समय से सड़क चौड़ीकरण और निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत वर्तमान में यहां करीब आधी से ज्यादा सड़क बनाकर तैयार हो चुकी है उसके बावजूद बिजली विभाग और निगम की लापरवाही से सड़क निर्माण में बाधक 10 से ज्यादा बिजली के पोल और डीपी अभी तक नहीं हटाई गई है। जिसके कारण सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य में भी ठेकेदार को परेशानी आ रही है। आसपास के रहवासियों का कहना है कि निगम अफसर और बिजली विभाग के अधिकारियों में आपसी तालमेल की कमी के कारण ऐसी स्थिति बन रही है। वहीं इधर सड़क प्रोजेक्ट से जुड़े निगम अधिकारियों का कहना है कि बिजली विभाग के साथ लंबे समय से हमारा पत्र व्यवहार चल रहा है। कई बार अधिकारियों को कहा है कि बाधक बिजली के खंबे और डीपी हटवा दे ताकि तीन इमली क्षेत्र में चल रहा सड़क निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए। लेकिन हालत यह है कि अभी तक बाधक डीपी और बिजली के आधा दर्जन से ज्यादा खंबे नहीं हट पाएं है। जबकि इसको लेकर लंबे समय से तैयारी चल रही है। फिर भी ये हाल है कि अभी तक सड़क निर्माण कार्य अधूरा है।

# समाजवादी इंदिरा नगर और चांदमारी के बीच बेहद जल्द नए पुल की तैयारी

## 45 लाख रुपए से ज्यादा खर्च कर एसटीपी के अंतर्गत नए पुल का होगा निर्माण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। वार्ड क्रमांक 71 के अंतर्गत समाजवादी इंदिरा नगर और चांदमारी के बीच इस मानसून सीजन में निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी राहत देने के लिए बेहद जल्द यहां दो प्रमुख कॉलोनियों को आपस में जोड़ने के लिए नवीन लंबे - चौड़े पहले से कई गुना ज्यादा मजबूत पुल का निर्माण किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के रहवासियों को इस बार बारिश के सीजन में सालों पुरानी क्षतिग्रस्त जर्जर पुल की बजाय अब आने वाले दिनों में नई मजबूत पुलिया निर्माण की सौगात मिलने वाली है। जिससे यहां से रात दिन आने जाने वाले सैकड़ो रहवासी परिवारों के साथ आसपास के अन्य लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

**हर साल बारिश में होते हैं लोग परेशान, अब मिलेगी राहत-** बड़ी बात यह है कि हर साल बारिश के दौरान समाजवादी इंदिरा नगर और चांदमारी क्षेत्र के लोग बारिश के मौसम में आधी अधूरी पुलिया से गुजरने के दौरान परेशान होते हैं। इसलिए निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर दो कॉलोनी को आपस में जोड़ने के लिए क्षेत्र के मुख्य पुल के नवनिर्माण के लिए तैयारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में बेहद जल्द पुल निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा जिससे भविष्य में क्षेत्र के हजारों लोगों को आने-जाने में बड़ी सहूलियत होगी।

# आईडीए कालोनी में 6 माह पहले बगीचे के लिए किया था पूजन, फिर भी शुरू नहीं हुआ काम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 52 में स्कीम 94 स्थित आईडीए कॉलोनी के पास संत रविदास नगर में क्षेत्र के हजारों लोगों की सुविधा के लिए एक मात्र बगीचा बनाने का काम आखिर कब शुरू होगा। लोगों का कहना है कि इसी साल की शुरुआत में करीब छह माह पहले निगम ने यहां आधुनिक सुविधाओं के साथ लाखों रुपए खर्चकर क्षेत्र की लगभग आधा दर्जन से ज्यादा कालोनियों के हजारों रहवासियों की सुविधा के लिए क्षेत्र का पहला आधुनिक सुविधाओं वाला गार्डन बनाने के लिए भूमि पूजन किया था। लेकिन अब हालात यह है कि भूमिपूजन के छह माह बाद भी अभी तक यहां काम शुरू नहीं हो पाया। जबकि निगम द्वारा अन्य जगह बगीचे बनाने के काम तेजी के साथ किए जा रहे है।

## सवाल : सैकड़ों रहवासियों का गार्डन का इंतजार कब होगा पूरा



### कांग्रेस पार्षद ने लगाया निगम पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप

यही नहीं मूसाखेड़ी क्षेत्र की वार्ड 52 की एक मात्र कांग्रेस पार्षद सावित्री सुदामा चौधरी ने सीधे तौर पर निगम अधिकारियों पर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि निगम हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। हमारे क्षेत्र की फाइल मंजूरी होने के बाद भी पैसों के संकट के बहाने लंबे समय तक काम शुरू नहीं किया जा रहा है। जबकि भाजपा पार्षदों के वार्ड में काम हो रहें है। यही नहीं ठेकेदार काम करने को तैयार है लेकिन निगम पहले के बिलों का भुगतान नहीं कर रहा है। इसलिए हमारे वार्ड का काम लेने वाले ठेकेदार काम नहीं कर पा रहे है क्योंकि निगम उनका पेमेंट नहीं दे रहा है। इसके चलते हमारे वार्ड के जरूरी काम भी लंबे समय से अटके पड़े है। इस क्षेत्र में आईडीए कालोनी पानी की टंकी के पास निगम द्वारा करीब 40 लाख से ज्यादा खर्चकर रहवासियों की सुविधा के लिए क्षेत्र का एक मात्र लंबा चौड़ा बगीचा बनाने की तैयारी थी। जहां डेढ़ सौ फीट चौड़े और करीब 200 फीट लंबे हिस्से में क्षेत्र की चंद्रपुरी कॉलोनी ,खाती मोहल्ला, आइडीए कॉलोनी, गुलाब बाग कॉलोनी, रविदास नगर सहित अन्य क्षेत्रों के हजारों रहवासियों की सुविधा के लिए आधुनिक सुविधाओं के साथ भव्य गार्डन बनाने की तैयारी थी जो फिलहाल निगम अधिकारियों की अनदेखी से शुरू नहीं हो पाई। जबकि पार्षद ने इसके लिए भूमिपूजन भी कर दिया था ,लेकिन निगम ने अभी तक काम शुरू नहीं करवाया।

## संपादकीय

### होर्मुज जलमार्ग बहाल होने पर राहत मिलने की उम्मीद, समझौता खोलेगा शांति, स्थिरता और साझा समृद्धि का रास्ता

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो भारत की अर्थव्यवस्था को कई मोर्चों पर राहत मिलने की उम्मीद है। अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष को समाप्त करने तथा होर्मुज जलमार्ग को फिर से खोलने पर बनी सहमति भारत समेत दुनिया के कई देशों के लिए संकट से राहत मिलने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। द्विपक्षीय शांति समझौते पर उन्नीस जून को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किए जाने का प्रस्ताव है। इसके लागू होने से निश्चित तौर पर वैश्विक आपूर्ति शृंखला फिर से बहाल हो पाएगी, जिससे खासकर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर दबाव कम होगा और ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता के साथ-साथ इसकी कीमतों में भी गिरावट आएगी। मगर अमेरिका और ईरान के बीच इस सहमति को अभी उम्मीद के तौर पर ही देखा जा रहा है, क्योंकि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों पक्षों के रुख में जिस तरह की अनिश्चितता देखी गई है, उस लिहाज से इस समझौते के सिरे चढ़ने को लेकर अभी पूरी तरह भरोसा करना मुश्किल है। संशय इसलिए भी बना हुआ है, क्योंकि अंतिम समझौते के नियम और शर्तें अभी औपचारिक रूप से सार्वजनिक नहीं की गई हैं और दोनों पक्षों में से कौन इसमें अड़ंगा लगा दे, इसे बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने इस वर्ष 28 फरवरी को ईरान पर संयुक्त रूप से हमला किया था, जिसके बाद ईरान ने भी पलटवार शुरू कर दिया। अप्रैल में अमेरिका की ओर से दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की गई, जिसे बाद में अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया। हालांकि, इस बीच दोनों ओर से छिटपुट हमले होते रहे, लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान होर्मुज जलमार्ग को बाधित करने से हुआ, जिससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा का संकट खड़ा हो गया। वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से का परिवहन इसी मार्ग से होता है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात और कतर जैसे तेल उत्पादक खाड़ी देशों के लिए यही मुख्य निर्यात मार्ग है, जो भारत के प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता भी हैं। अगर यह मार्ग फिर से बहाल हो जाता है, तो भारत जैसे दुनिया के कच्चे तेल आयातक देशों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे तेल आपूर्ति को लेकर चिंताएं कम होंगी, माल ढुलाई लागत घटेगी और महंगाई पर दबाव भी कम होगा। पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म करने पर बनी सहमति की खबरें आने के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल कीमतों में गिरावट का दौर शुरू हो गया। भारत में इसका असर शेयर बाजार में उछाल और डालर के मुकाबले रुपए की मजबूती के रूप में सामने आया। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो भारत की अर्थव्यवस्था को कई मोर्चों पर राहत मिलने की उम्मीद है। इससे पश्चिम एशिया को होने वाले भारत के निर्यात में तेजी आएगी, विनिर्माण गतिविधियों को गति मिलेगी और रुपये की स्थिरता को भी बल मिलेगा। ईरान की ओर से होर्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध करने के बाद इसके आसपास अमेरिका की नाकेबंदी से स्थिति और जटिल हो गई है। मगर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय सहमति के एलान के साथ यह स्पष्ट कर दिया है कि इस जलमार्ग के फिर से खुलते ही नाकेबंदी को भी हटा लिया जाएगा। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि अमेरिका और ईरान इस सहमति पर कायम रहेंगे और शांति समझौते को अंतिम मंजूरी देने की दिशा में सकारात्मक रूप से कदम आगे बढ़ाएंगे, ताकि पश्चिम एशिया में फिर से शांति, स्थिरता और साझा समृद्धि का रास्ता खुल सके।

## शराबी पति का उत्पात, पत्नी का मोबाइल तोड़कर दीवार में दे मारा सिर

**इन्दौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक शख्स ने शराब के नशे में धुत होकर अपनी ही पत्नी के चरित्र पर कीचड़ उछाला और विरोध करने पर बेरहमी से उसकी पिटाई कर दी। आरोपी ने पत्नी का सिर दीवार में दे मारा और चेहरे पर मुक्के बरसाए, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता की शिकायत पर भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना की फरियादिया दुर्गश्री पिता राजू कुमावत, निवासी एकता नगर हैं। दुर्गश्री ने पुलिस को बताया कि उसका पति राजू कुमावत कल रात शराब के अत्यधिक नशे में धुत होकर घर लौटा था। घर आते ही उसने बिना किसी बात के दुर्गश्री के साथ गालियां देना शुरू कर दिया और उसके चरित्र पर बेबुनियाद आरोप लगाने लगा। इसी बीच गुस्से में आकर आरोपी पति ने दुर्गश्री का मोबाइल फोन छीनकर जमीन पर पटक दिया, जिससे मोबाइल पूरी तरह टूट गया।जब पीड़िता ने मोबाइल तोड़ने का विरोध किया, तो आरोपी राजू का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया। उसने पीड़िता के बाल पकड़े और बेरहमी से खींचते हुए उसका सिर सीधे दीवार में दे मारा। इतने से भी जब उसका मन नहीं भरा, तो उसने हाथ के भारी मुक्के दुर्गश्री की बाईं आँख के नीचे चेहरे पर जड़ दिए। हमले के कारण महिला की आँख के पास गहरा घाव हो गया और खून निकलने लगा। पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

## फेसबुक लिंक क्लिक करते ही 'सर्कल ऑफ ट्रस्ट' ग्रुप में जुड़ गया व्यक्ति

### शेयर बाजार के नाम पर 21.35 लाख की ठगी

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में ऑनलाइन साइबर फ्रॉड का एक बड़ा मामला सामने आया है। एक युवक फेसबुक पर आए एक विज्ञापन के लिंक पर क्लिक करते ही शातिर ठगों के 'सर्कल ऑफ ट्रस्ट' नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गया। इसके बाद बदमाशों ने शेयर बाजार में भारी मुनाफे का झांसा देकर पीड़ित से अलग-अलग बैंक खातों में कुल 21 लाख 35 हजार रुपये जमा करवा लिए। रकम ऐंठने के बाद आरोपियों ने ट्रेडिंग ऐप और व्हाट्सएप ग्रुप दोनों बंद कर दिए। गांधी नगर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन्स और अज्ञात जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, शेयर ट्रेडिंग के नाम पर हुई इस बड़ी धोखाधड़ी की वारदात सिंगापुर लाइफ स्टाइल-02 गांधीनगर के रहने वाले फरियादी महेश बाबू पिता रामसेवक गुप्ता के साथ हुई है। फरियादी महेश बाबू ने थाने पहुंचकर अपनी लिखित शिकायत में बताया कि वे अपने मोबाइल पर फेसबुक चला रहे थे, तभी उनके सामने एक कंपनी का लिंक आया। जैसे ही उन्होंने उस लिंक पर क्लिक किया, वे स्वतः ही 'सर्कल ऑफ ट्रस्ट' नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गए। व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ने के बाद ग्रुप के मुख्य एडमिन्स राहुल केशव और अन्य मोबाइल नंबरधारकों 7839515136, 945276034, 9452671360, 9453524579, 8763843127, 9452306153 द्वारा ग्रुप के सदस्यों को शेयर बाजार में निवेश करने की टिप्स और सलाह दी जाने लगी। आरोपियों ने ग्रुप में फर्जी प्रॉफिट स्क्रीनशॉट शेयर कर ऐसा प्रलोभन दिया कि महेश बाबू भी उनके झांसे में आ गए।?आरोपियों के कहे अनुसार महेश बाबू ने उनके द्वारा बताए गए एक कथित ट्रेडिंग एप्लीकेशन को डाउनलोड किया और अलग-अलग किस्तों में कुल इक्कीस लाख पैंतीस हजार रुपये का भुगतान उनके बताए गए बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया। कुछ दिनों तक ऐप पर फर्जी मुनाफा दिखने के बाद, जब महेश बाबू ने रकम निकालनी चाही तो ट्रांजैक्शन नहीं हुआ। इसके कुछ ही समय बाद आरोपियों ने अपना वह व्हाट्सएप ग्रुप डिलीट कर दिया और अपनी कथित ट्रेडिंग ऐप को भी पूरी तरह बंद कर दिया। तब जाकर फरियादी को अहसास हुआ कि वे एक फर्जी कंपनी और साइबर ठगों के जाल में फंस चुके हैं।

## हफ्ता वसूली के लिए युवक की पिटाई

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक बदमाश ने युवक का रास्ता रोका और खुद को इलाके का 'दादा पहलवान' बताते हुए शराब के लिए 2,000 हफ्ते की मांग की। युवक द्वारा रकम देने से मना करने पर बदमाश ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। चंदन नगर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह घटना चंदन नगर क्षेत्र की 12वीं गली, आमवाला रोड की है। यहाँ रहने वाले 20 वर्षीय अरशद ने थाने पहुंचकर अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई है। अरशद ने पुलिस को बताया कि वह अपने काम से जा रहा था, तभी इलाके का रहने वाला शातिर बदमाश फैजल पिता असलम उसके पास आया और उसका रास्ता रोक लिया। आरोपी फैजल ने अरशद को डराते हुए कहा कि मैं यहाँ का दादा पहलवान हूँ। अगर तुझे इस इलाके में रहना है, तो मुझे खर्चा और हफ्ता देना पड़ेगा। इसके बाद आरोपी ने अरशद से शराब पीने के लिए तुरंत 2,000 की मांग की। जब फरियादी अरशद ने बदमाश की इस अवैध मांग का विरोध किया और रुपये देने से साफ मना कर दिया, तो आरोपी फैजल आगबबूला हो गया। उसने अरशद को गालियां देना शुरू कर दिया और बोला कि तू ऐसे सीधे-सीधे नहीं मानेगा।इतना कहते ही आरोपी ने अरशद पर हमला कर दिया और उसे लात-थप्पड़ों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। विवाद बढ़ता देख जब आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे, तो बदमाश अरशद को दोबारा दिखने पर अंजाम भुगतने की धमकी देता हुआ मौके से भाग निकला।

## सब्जी खरीद रहे बुजुर्ग की जेब से आईफोन उड़ाया

**इन्दौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र की निरंजनपुर सब्जी मंडी में एक शातिर जेब कतरे ने दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर बदमाश ने सब्जी खरीद रहे एक बुजुर्ग की पैंट की जेब से उनका कीमती आईफोन 16 प्रो मैक्स पार कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर लसूड़िया थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घटना के फरियादी संजय कुमार सिंह पिता एल.बी.सिंह, निवासी स्कीम नंबर 74-सी, विजय नगर हैं। संजय कुमार 14 जून को सुबह करीब 10.30 बजे घर के लिए सब्जी खरीदने हेतु निरंजनपुर सब्जी मंडी गए हुए थे। जब वह मंडी के भीतर एक दुकान पर सब्जी खरीद रहे थे, तभी भीड़ में घात लगाकर खड़े एक अज्ञात लड़के ने उनकी जेब साफ कर दी।संजय कुमार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मंडी में सब्जी लेते समय एक गुलाबी शर्ट पहने हुए लड़के को अपने पास संदिग्ध रूप से खड़े देखा था। उसी लड़के ने मौका पाते ही उनकी पैंट की जेब में हाथ डाला और पलक झपकते ही उनका आईफोन 16 प्रो मैक्स मोबाइल निकाल कर भीड़ का फायदा उठाते हुए भाग निकला। मोबाइल गायब होने का अहसास होने पर पीड़ित ने आसपास उसे ढूंढा, लेकिन आरोपी तब तक रफूचक्कर हो चुका था। लसूड़ियां पुलिस ने पीड़ित संजय कुमार की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है और मंडी व आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर गुलाबी शर्ट वाले शातिर जेब कतरे की तलाश शुरू कर दी है।

## बदला लेने के लिए घर पर पथराव

### आरोपी बोला- खून का बदला खून से होगा, केस दर्ज

**इंदौर।** कनाडिया थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की एक पुरानी घटना का बदला लेने के लिए पीड़ित के भाई ने आरोपी के घर पर हमला कर दिया। आरोपी ने घर पर पथराव कर गेट तोड़ दिया और परिजनों के साथ मारपीट करते हुए 'खून का बदला खून से' लेने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना भूरी टेकरी स्थित आईडीएम मल्टी की है। यहाँ रहने वाले फरियादी अनिल चौहान पिता मनोहर लाल चौहान निवासी फ्लैट नंबर 102 आईडीएम मल्टी, भूरी टेकरी ने थाने पहुंचकर अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई। अनिल ने पुलिस को बताया कि गत 12 जून को उनके भाई कुलदीप चौहान और साले अजय का विवाद अरावली परिसर भूरी टेकरी के रहने वाले राहुल नामक युवक से हुआ था। उस झगड़े के दौरान अनिल के साले अजय ने गुस्से में आकर राहुल पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया था।?चाकूबाजी की इसी रंजिश को मन में पाले हुए घायल राहुल का भाई अंकित उर्फ अंटा बदला लेने की नीयत से सक्रिय हो गया। 12 जून की ही रात करीब 11:30 बजे आरोपी अंकित उर्फ अंटा सीधे अनिल चौहान के घर पहुंचा। उसने घर के मुख्य दरवाजे पर पथराव शुरू कर दिए, जिससे गेट टूट गया।?पथराव और शोर की आवाज सुनकर जब अनिल और उनके परिजन घर के बाहर आए, तो आरोपी अंकित ने उन्हें सरेआम गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। आरोपी ने चिल्लाते हुए धमकी दी कि तेरे भाई ने मेरे भाई को चाकू मारा है, अब खून का बदला खून से होगा।इसके बाद आरोपी अंकित ने अनिल चौहान के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से भाग निकला।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|---|
| | 148600 | 152800 |
| | सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| | 245000 | 249600 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# अमावस्या के भंडारे से लग गया कचरे का ढेर

## स्वच्छ इंदौर की इमेज को बिगाड़ देने वाला दृश्य नजर आया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**अधिक मास की अमावस्या के दिन कल शहर में अनेक स्थानों पर चलित भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें से बहुत से स्थान पर आयोजन के बाद भोजन के कचरे का ढेर लगा दिया गया। यह स्वच्छ इंदौर की इमेज को बिगाड़ देने वाला दृश्य शहर में नजर आया।**

जब इंदौर को स्वच्छ बनाने का बीड़ा उठाया गया था उस समय पर तत्कालीन महापौर मालिनी गौड़ और तत्कालीन नगर निगम आयुक्त मनीष सिंह के द्वारा यह नियम बना दिया गया था कि चाहे कोई सा भी कार्यक्रम हो और कैसा भी कार्यक्रम हो सार्वजनिक स्थान पर कोई भी कचरा नहीं पटक सकेगा। यदि कहीं कोई गलती से भी कचरा डाल देता था तो उसका चालान बनाकर उस पर भारी जुर्माना लगाया जाता था। इस कार्य में यह नहीं देखा जाता था कि सामने वाला व्यक्ति धर्म का काम कर रहा है या फिर राजनीतिक रूप से पहुंच वाला व्यक्ति है। उस समय तो नियम सभी के लिए एक समान कर दिए गए थे। इस स्थिति का ही यह परिणाम रहा था कि इंदौर पूरे देश में सबसे स्वच्छ शहर के रूप में तब्दील होकर सामने आया था।



पिछले 1 साल में स्वच्छ इंदौर के नियमों को पलीता लगाने का काम तेजी के साथ चल रहा है। अब तो कोई नेता आता है तो शहर की सुंदरता को बिगाड़ते हुए पूरे शहर में बैनर पोस्टर होर्डिंग लगा दिए जाते हैं। कोई जुलूस निकलता है तो इस बात की चिंता नहीं की जाती है कि सड़क पर कितना कचरा फैलाया जा रहा है। जुलूस शोभायात्रा में जमकर फूलों की बारिश की जाती है और सड़कों को कचरे से भर दिया जाता है। ऐसी ही स्थिति भंडारा आयोजित करने वालों के द्वारा भी की जा रही है।

वैसे तो शहर में हर अमावस्या के दिन ही बहुत सारे स्थान पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस भंडारे में भोजन प्रसादी लेने के लिए बड़ी संख्या में हॉस्टल में रहने वाले लड़के लड़कियां तो पहुंचते ही हैं उसके साथ ही शहर के नागरिक भी बड़ी संख्या में जाकर अपनी पेट पूजा करते हैं। कल तो अधिक मास की अमावस्या का दिन था। यह दिन तो पूरे साल का सबसे बड़ा दिन था और ऐसा दिन 3 साल में एक बार आता है। यही कारण है कि कल तो दान धर्म करने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़क पर निकल आए थे। इस दौरान जिन स्थानों पर हमेशा अमावस्या पर चलित भंडारा होता है उन स्थानों पर तो बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लगी हुई थी।

इन स्थानों पर चलित भंडारा में भोजन ग्रहण करने के बाद भोजन के डिस्पोजल और कागज की प्लेट लोगों ने वहीं पर फेंक दी। कुछ स्थानों पर तो इस सामान के लिए डस्टबीन रखी हुई थी। बहुत सारे स्थान ऐसे थे जहां पर की ऐसी कोई डस्टबीन की व्यवस्था नहीं थी। ऐसे स्थान पर कचरे की ढेर लग गए। इस स्थिति को देखने के लिए नगर निगम का भी कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं था। किसी ने भी इन कामों में रुचि नहीं ली। वैसे भी अब इंदौर नगर निगम की प्राथमिकता बदल चुकी है। निगम के अधिकारियों को स्वच्छता के नियम कायदों की कोई चिंता नहीं रहती है। निगम के लापरवाह हो जाने का ही यह परिणाम है कि अब नागरिक भी इन नियमों की चिंता नहीं करते हैं।

## नीट परीक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** निरस्त हुई नीट की परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। परीक्षा की व्यापक तैयारियां शुरू हो गई है। इंदौर जिले में कुल 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 23,089 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम सवा 5 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए है कि ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए जिससे विद्यार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। कलेक्टर वर्मा ने यह भी कहा है कि परीक्षा की गोपनीयता एवं सुचिता का पूरा ध्यान रखा जाए। गड़बड़ी करने वाले या अपवाह फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने के लिये एआईसीटीएसएल की बसें उपलब्ध कराई जायेंगी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। यातायात की सुगमता के लिये भी विशेष व्यवस्था की गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर मेडिकल स्टॉफ एवं पांच केन्द्रों पर एक एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिये व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा केन्द्रों पर जनरेटर्स की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थियों के अभिभावकों के लिये टेंट एवं पीने के पानी की व्यवस्था केन्द्र के बाहर रहेगी। कंट्रोल रूम प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी रहेंगी।

## जाटवा का सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भीम आर्मी जिला संयोजक अजय जाटवा का राजवाड़ा पर सम्मान किया गया। संगठन मजबूती को लेकर चर्चा भी की गई।

## ई-पे और ई-कोर्ट फीस काउंटर पर फीस जमा करने का काम फिर शुरू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** गत माह मई में ई-कोर्ट का सॉफ्टवेयर अपडेट होने के बाद से ही प्रधान जिला व सत्र न्यायालय परिसर में नजारत विभाग के पास स्थित ई-पे एवं ई-कोर्ट फीस काउंटर पर न्यायालय फीस भरने का काम बन्द हो गया था। एम. पी. ऑनलाइन के कियोस्क सेन्टर के संचालकों द्वारा न्यायालय फीस की धनराशि वकील साहब का नाम डाल कर जमा की जा रही थी, लेकिन उनके द्वारा दी जा रही रसीद पर पक्षकारों का नाम नहीं आ रहा था। गौरतलब है कि एम. पी. आनलाइन के कियोस्क सेंटर के संचालक न्यायालय-फीस जमा करने के लिए अतिरिक्त सेवा-शुल्क लेते है। लेकिन जिला न्यायालय परिसर में खोले गये 'ई-पे' 'ई-कोर्ट फीस काउंटर' पर कोई सेवा-शुल्क या अतिरिक्त- शुल्क नहीं देना पड़ता है। अभिभाषक संघ के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया ने इस संबंध में प्रधान जिला व सत्र न्यायालय, इन्दौर की कोर्ट मैनेजर और आई. टी. विभाग के जिम्मेदार अधिकारी से चर्चा की और उन्हें समस्या से अवगत करवाया। जिसके बाद उक्त समस्या का उसी दिन चन्द-घण्टों में समाधान कर दिया। जिला न्यायालय परिसर में स्थित 'ई-पे' 'ई-कोर्ट फीस काउंटर' पर पुनः आनलाइन न्यायालय फीस जमा करने का काम पुनः शुरू हो गया।

## स्कूल चले हम अभियान

**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शासन की 15 जून तक स्कूल बंद रहने की गाइड लाइन खत्म होने के साथ ही कल 15 जून से स्कूल शुरू हो गए, जो आज भी जारी है। कल शिवाजी जयंती की छुट्टी रहेगी। कल अवकाश के बाद स्कूल में विद्यार्थी पहुंचे तो उनमें उत्साह भी नजर आया। स्कूल चले हम अभियान की शुरूआत में पालकों और बच्चों का उत्साह देखने लायक था।



## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राऊ पुलिस ने एक युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी आशीष परमार निवासी रंगवासा को गिरफ्तार किया है।आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## स्कूल-कालेज मेस और कैंटीनों का होगा निरीक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने कल कार्यालय में समय-सीमा के पत्रों के निराकरण संबंधी बैठक आयोजित की गई। वर्मा ने जनकल्याणकारी योजनाओं, यातायात सुधार एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की भी की समीक्षा क्रर कई मुद्दों पर चर्चा कर समीक्षा हुई और निर्देश भी दिए गए। क्रलेक्टर ने सभी स्कूलों, कॉलेजों एवं छात्रावासों में संचालित मेस एवं कैंटीनों का सघन निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। विभिन्न महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं अभियानों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जल संवर्धन अभियान, पांडुलिपियों के संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी गतिविधियों तथा पीएनजी गैस कनेक्शन विस्तार अभियान की विस्तृत समीक्षा की गई। यात्री बसों द्वारा केवल निर्धारित स्थानों से ही यात्रियों को बैठाया एवं उतारा जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सड़कों पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। खाद्य गुणवत्ता या अन्य किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

# नगर निगम के लिए मितव्ययी बने निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल

**पहले स्वच्छता सर्वेक्षण और अब वाटर रिचार्जिंग शाफ्ट बनाने के लिए पुराने बोरिंग का उपयोग कर करोड़ के खर्च को बचाया**

## आर्थिक तंगी के बीच लोन लेकर काम कर रहे निगम के लिए मितव्ययिता जरूरी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम आर्थिक तंगी के बोझ तले दबा हुआ है। लगातार खर्चे पूरे करने के लिए लोन लिए जा रहे हैं। भागीरथपुरा कांड के साथ ही शहर भर में पुरानी लाइनों को बदलने पर होने वाले खर्च ने नगर निगम की कमर तोड़ कर रख दी है इसके अलावा हर दिन होने वाले बड़े-बड़े आयोजन और इवेंट से नगर निगम का आर्थिक सिस्टम वर्तमान में जूझ रहा है ऐसी स्थिति में नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण और जल वितरण में लगे टैंकर के भुगतान जैसा खर्चीला काम भी करवाया गया इसके अलावा वाटर रिचार्जिंग शाफ्ट बनाने के लिए भी करोड़ों खर्च करने थे लेकिन नगर निगम आयुक्त की सूझबूझ और मितव्ययिता से यह करोड़ के खर्च बचा लिए गए।

इंदौर नगर निगम आयुक्त ने इस बार नगर निगम के दो बड़े खर्चों को बचाने का काम किया है। उन्होंने पहली खर्च स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर बचाया जिसमें हर साल करोड़ों रुपए खर्च होते हैं और बाहर की एजेंसियां काम करने आकर मोटी रकम निगम से वसूल करके चली जाती हैं, लेकिन इस बार ऐसा कुछ नहीं हुआ। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि केवल वही काम किए जाएं जो स्वच्छता सर्वेक्षण के मानक अनुसार आवश्यक हैं फालतू खर्च किसी भी प्रकार का नहीं होना चाहिए। डेंटिंग पेंटिंग को लेकर भी सीमित खर्च किया गया। शहर के किसी भी ऐसे स्थान पर पेंटिंग नहीं बनवाई गई जहां आवश्यकता नहीं हो शहर के सौंदरीकरण के नाम पर शहर भर में रंगी पुताई करने के बजाय इस बार केवल उसी स्थान पर रंगाई पुताई कराई गई जिस स्थान को टीम देखने और सर्वेक्षण में जिसके नंबर मिलने थे। इस वर्ष सजावट का खर्च भी युद्ध के कारण बड़ा हुआ था इसीलिए कोई भी बड़ी म्यूरल फाउंटेन सजावटी उपाय नहीं किया गया। जिससे नगर निगम के करोड़ों रुपए बच गए। वही दूसरा उदाहरण मितव्ययिता का नगर निगम आयुक्त सिंघल ने तब दिया जब वाटर रिचार्जिंग शॉफ्ट बनाने की बारी आई शहर में भूजल बढ़ाने के लिए निगम आयुक्त ने पुराने बोरिंग को रिचार्ज पति में बदलने का काम किया वर्तमान में यह काम जारी है अब तक 20 स्थान पर इस तरह के पीठ नगर निगम द्वारा बना दिए गए जिसमें कोई खर्च नहीं आया केवल आसपास साफ सफाई और गड्ढे खोदने का काम करवाया गया यह वह बोरिंग थे जो नगर निगम द्वारा करवाए गए थे और बेकार हो गए थे। नगर निगम आयुक्त द्वारा उनकी सूची निकाल कर परीक्षण करवाया गया जिन्हें वाटर रिचार्ज शाफ्ट बनाने के काम में उपयोग किया जा रहा है, अगर नए वाटर रिचार्जिंग शाफ्ट बनाए जाते तो इसका खर्च भी लाखों में होता पिछले सालों में यह नगर निगम करता आ रहा है। नगर निगम ने पुराने बोरिंग से 100 वाटर रिचार्जिंग शाफ़्ट बनाने का लक्ष्य रखा है। बताया जा रहा है कि पूर्व में जो वाटर रिचार्जिंग सॉफ्टवेयर बनाए गए थे उसे पर लगभग एक शाफ़्ट निर्माण में 1.5- 2.0 लाख रुपए का खर्च होता था यह काम प्राइवेट एजेंसी द्वारा किया जाता था लगभग 85 वार्डों में यह काम किया गया जब किसी एजेंसी द्वारा निगम में काम किया जाता है तो फिर उसके रेट भी बड़े हुए होते हैं, क्योंकि निगम में समय पर भुगतान नहीं होने के कारण प्राइवेट एजेंसी पहले ही अधिक रेट लगती है।

# यादव की स्मृति में दंगल



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** म.प्र. कुश्ती संघ के तत्वावधान में मूलचंद यादव बंते पहलवान की स्मृति में दंगल बास्केटबॉल खेल परिसर में सुपुत्र सिद्धार्थ यादव और शोभित यादव द्वारा हजारों दर्शकों की उपस्थिति में आयोजित देश के सर्वश्रेष्ठ पहलवानों के बाहुबली कुश्ती दंगल में मुख्य कुश्ती मुकाबले में पूरे भारत देश में ख्याति प्राप्त 6 फीट 6 इंच के 150 किलोग्राम वजनी 20 वर्षीय शेरा गुर्जर पहलवान उत्तर प्रदेश ने 125 किलोग्राम में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले हरियाणा के दिनेश गुलिया पहलवान को हराकर देश के सबसे बड़े बाहुबली पहलवान का खिताब जीता तथा दूसरे प्रमुख कुश्ती मुकाबले में भारत केसरी शानवीर कोहली पहलवान पंजाब ने अपने विरोधी महाराष्ट्र के दादा शेल्के पहलवान पुणे को बहुत ही रोमांचित मुकाबले में हराकर दर्शकों का दिल जीत लिया। 6 मुकाबले महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्पर्धा में पदक जीतने वाली बालिकाओं के भी करवाए गए। आकर्षक साज सज्जा और हर पहलवान और उस्ताद खलीफा के जोरदार अभिनंदन के साथ आयोजित इस कुश्ती दंगल में इंदौर महापौर केसरी फराज हुसैन पहलवान ग्वालियर ने मध्यप्रदेश केसरी रेहान गामा पहलवान इंदौर को कशमकश मुकाबले में एक अंक से हराकर अपना मुकाबला जीता। अन्य प्रमुख मुकाबलों में शमशाद पहलवान दिल्ली ने अबू चाउस पहलवान महाराष्ट्र को, मोहित कुंडु पहलवान दिल्ली ने राहुल यादव पहलवान उत्तरप्रदेश को, यशपाल इंदौर ने विजेंद्र ग्वालियर को, कैफ बिन सलमान हैदराबाद ने तौफ़ीक़ उज्जैन को, सौरभ परमार सीहोर ने राजेश काला खंडवा को, मोनू बुरहानपुर ने शावेज़ देवास को, पीयूष यादव देपालपुर ने गोलू पायलट सीहोर को हराया एवं अन्य कुश्ती मुकाबले में अंकित हरियाणा, शिवम यादव इंदौर, अंकुश यादव इंदौर, रोहित केवट हातोद, दीपक चौधरी देपालपुर, मोहित प्रजापत इंदौर, उज्जवल पाल इंदौर, दीपेंद्र देपालपुर, आनंद यादव इंदौर, आर्यन यादव इंदौर, राजवीर यादव इंदौर ने अपने-अपने मुकाबलों में विजयश्री हासिल की तथा बालिकाओं की कुश्ती में प्रमुख मुकाबले में मध्य प्रदेश को कई पदक से गौरवान्वित करने वाली खंडवा की माधुरी पटेल ने जूनियर कुश्ती की रजत पदक विजेता भरतपुर राजस्थान की सिद्धि सिंह को परास्त किया एवं अन्य बालिका कुश्ती मुकाबले में ताराचंद बालिका रेसलिंग केंद्र की होनहार पहलवान कुक्की मिस्त्री इंदौर, माही कौशल इंदौर, प्रियल बारोडं गुजरात, वंशिका हरिया इंदौर, गायत्री निगोते ने अपने-अपने मुकाबले जीते। अतिथि विधायक सचिन यादव, विपिन वानखेड़े, सुदर्शन गुप्ता, संतोषकुमार सिंह, मुन्नालाल यादव, नींबू यादव, रमेश यादव, राजेश चौकसे, सरफराज अंसारी, मनोज परमार, मधुर जायसवाल, कमल शुक्ला, राजेन्द्र मिश्रा, नरेश वर्मा, मन्नू यादव, सीताराम व्यास, गोविंद पाटीदार, मनोज यादव, बबुआ यादव, संतोष यादव की मौजूदगी में विजेताओं का सम्मान किया गया।



# कुकी वंशिका विजेता



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिदि)।** मूलचंद यादव बन्ते पहलवान की स्मृति में आयोजित बाहुबली कुश्ती दंगल बॉस्केटबॉल स्टेडियम में ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की निधिका उर्फ कुकी मिस्त्री ने राधा कसेरा उज्जैन को 60 सैकंड में हराया। वंशिका हाडिया ने भी मुकाबला जीता। यह दोनों बालिकाएं रमेश मिस्त्री पहलवान से प्रशिक्षण ले रही है।

# मप्र के बॉडी बिल्डर अरबाज ने जीता फेडरेशन कप मि. इंडिया का खिताब



**इंदौर।** इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई के तत्वावधान में पंजाब एमेच्योर बॉडीबिल्डिंग संगठन द्वारा 15वीं में सीनियर, विमेंस, फिटनेस, वूमेन मॉडल, फिजिक बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन लुधियाना के अंबेडकर हाल हुआ। बॉडी बिल्डिंग के इतिहास में प्रथम बार मध्य प्रदेश को ओवरआल चैंपियन ऑफ चैंपियन मिस्टर इंडिया की उपलब्धि प्राप्त हुई।

27 प्रदेशों के 245 शरीर साधकों को पछाड़ते हुए मध्य प्रदेश टीम की और से नीमच के अरबाज खान ने फेडरेशन कप एवं एक लाख के प्राइज पर कब्जा जमा कर श्रेष्ठता सिद्ध की। वहीं प्रदीप ठाकुर ने 90 किलो ग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल और अफराज खान ने मेंस फिजिक में ब्रॉन्ज मेडल पर अधिकार सिद्ध किया। पुरस्कार वितरण वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग ऐंड फिजिक फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी चेतन पठारे ,इंडिया बॉडीबिल्डर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी रमेश, पदमश्री प्रेमचंद ढींगरा ने किया। इस अवसर पर आई बी बी एफ के जॉइंट सेक्रेटरी व राज्य संस्था के सहसचिव अतिन तिवारी, राज्य कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र व्यास, इंटरनेशनल रेफरी रोहित जेठवा विशेष रूप से उपस्थित थे। स्वर्णिम उपलब्धि पर राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश के पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज एवं मध्य प्रदेश के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह कुशवाहा ,समीर व्यास, दिनेश पालीवाल आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## सब जूनियर राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता कल से

**इंदौर।** एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ़ मध्य प्रदेश द्वारा सब जूनियर राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता बालक/बालिका का आयोजन 17 से 21जून तक इंदौर पब्लिक स्कूल,राजेंद्र नगर में किया जा रहा है। वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल इस चैंपियनशिप में बतोर चीफ गेस्ट आज इंदौर आ रहे हैं। संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ़ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष विनोद सोनडवले एवं महासचिव आशुतोष दाधीच ने बताया की इस चैंपियनशिप को सुचारू रूप से संचालित हेतु सारी तैयारियां पूर्ण रूप से की जा रही है इस चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए आज से टीम आने वाली हैं, किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश सहित 1500 खिलाड़ीयो ( बालक/बालिका) से अधिक एवं 200 ऑफिशल्स एवं 50 राज्य प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## इंदौर जिला फास्ट 5 सीनियर नेटबॉल टीम के चयन परीक्षण

**इंदौर।** नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन, मध्यप्रदेश के तत्वावधान में इन्दौर जिला नेटबॉल एसोसिएशन द्वारा इंदौर जिला फास्ट 5 सीनियर नेटबॉल टीम (पुरुष एवं महिला वर्ग) का चयन परीक्षण 17 जून को शाम 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इस परीक्षण के माध्यम से चुनी गई इंदौर जिला टीम आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी, इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी 20 से 22 जून तक मधुबन कालेज परिसर, केट रोड, राऊ, इन्दौर में आयोजित होने वाली द्वितीय फास्ट 5 सिनियर राज्यस्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में इन्दौर जिला नेटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## लुकाकू ने हैनी से आत्मघाती गोल करवाया

# बेल्जियम को हार से बचाया



**सिएटल (अमेरिका)।** इमाम अशूर के त्वरित गोल के बावजूद मिस्र फीफा विश्व कप में अपनी पहली जीत से वंचित रह गया, क्योंकि रोमेलु लुकाकू ने मैदान पर आते ही पहले मिनट में आत्मघाती गोल करके बराबरी कर ली। बेल्जियम ने मंगलवार को सिएटल में 1-1 से ड्रॉ खेला।

मोहम्मद सलाह की अगुवाई वाली मिस्र की टीम अपने चौथे फीफा विश्व कप में हिस्सा ले रही है और कुल आठ मैच खेलने के बाद भी उसे पूरे अंक हासिल करने का इंतजार है। 19वें मिनट में, अपना 34वां जन्मदिन मना रहे सलाह ने विश्व कप में गोल करने में अपना योगदान दिया, जब कुछ जगह मिलने के बाद उन्होंने अशूर को एक नीचा पास दिया, जो बाएं फ्लैंक से आए और बेल्जियम के गोलकीपर थिबाउट कर्टोइस को चकमा देते हुए बिना समय बर्बाद किए निचले शॉट से गोल दाग दिया। पहले हाफ के शुरू होने तक स्कोर में कोई बदलाव नहीं हुआ था, बेल्जियम के पास 58 प्रतिशत के साथ बेहतर बॉल पजेशन था, सात शॉट और विपक्षी टीम के बॉक्स में 14 टच थे, जबकि मिस्र के पास 42 प्रतिशत बॉल पजेशन था, केवल चार शॉट और विपक्षी टीम के बॉक्स में चार टच थे।

बेल्जियम ने गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन मिस्र के गोलकीपर मुस्तफा शोबियर ने ब्रैंडन मेचेले के हेडर को शानदार तरीके से रोक दिया। वहीं, लुकाकू ने भी आखिरी क्षणों में एक मौका गंवा दिया। पांच मिनट के अतिरिक्त समय के बावजूद स्कोर में कोई बदलाव नहीं हो सका और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

## अर्जेंटीना के कोच स्कालोनी ने कहा हम अल्जीरिया को हल्के में नहीं ले रहे

**कैनसस सिटी (अमेरिका)।** अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने कहा कि वे फीफा विश्व कप अभियान के अपने पहले मैच में अल्जीरिया के खिलाफ पूरी सावधानी और अपने प्रतिद्वंद्वी के प्रति सम्मान के साथ उतरेंगे, क्योंकि 2022 के अभियान के पहले मैच में सऊदी अरब के खिलाफ मिली चौंकाने वाली हार, जहां उन्होंने अंततः तीसरी ट्रॉफी के लिए अपने इंतजार को समाप्त किया था, टीम के दिमाग में ताजा है। अर्जेंटीना भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 6.30 बजे कंसास सिटी में अल्जीरिया के खिलाफ फीफा विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगा। पिछले संस्करण में, लियोनेल मेस्सी की अगुवाई वाली टीम ने सचमुच स्वर्ग का अनुभव किया था और फुटबॉल के इस दिग्गज ने अपने शानदार करियर के शिखर को छुआ था। लेकिन अभियान की शुरुआत अच्छी नहीं रही, क्योंकि सऊदी अरब के दो गोलों ने तत्कालीन दो बार के चैंपियन अर्जेंटीना को अपने पहले मैच में 1-2 से हार का सामना करने पर मजबूर कर दिया था। हालांकि, अर्जेंटीना ने शानदार वापसी करते हुए अपने ग्रुप में पोलैंड और मैक्सिको को हराया और नॉकआउट चरणों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अंत में फ्रांस को हराकर अपना तीसरा खिताब जीता।



## फ्रांस का मुकाबला सेनेगल से

**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच डिडिएर डेसचैम्प्स के पास 1.5 बिलियन यूरो से अधिक मूल्य की एक दुर्जेय टीम थी, जो उन्हें खिताब के लिए शीर्ष दावेदारों में स्थान दिलाने के लिए पर्याप्त थी। आज देर रात फ्रांस का मुकाबला सेनेगल से होगा। दरअसल, फ्रांस 21वीं सदी की एकमात्र ऐसी टीम है जिसने लगातार दो विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने 2018 में जीत हासिल की थी, और चार साल पहले वे ट्रॉफी को फिर से उठाने के बेहद करीब पहुंच गए थे (120 मिनट के क्लासिक 3-3 ड्रॉ के बाद पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना से हार गए थे)। एमबाप्पे और उनके साथियों ने 6 में से 5 मैच जीतकर आसानी से 2025 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। टूर्नामेंट की तैयारी में, लेस ब्लूज़ ने साल की शुरुआत से अब तक खेले गए 4 दोस्ताना मैचों में से 3 में जीत हासिल की, लेकिन उन सभी में गोल खाए।

# शराब पीने से टोका तो कर्मचारी ने मंदिर के 70 वर्षीय ट्रस्टी को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला

## आरोपी हिरासत में पूछताछ जारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में आज अलसुबह एक दिल दहला देने वाला हत्याकांड सामने आया है। यहाँ एक मंदिर के कर्मचारी ने मामूली विवाद के बाद मंदिर के ही बुजुर्ग ट्रस्टी की डंडे से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी। वारदात की मुख्य वजह कर्मचारी का शराब पीना और ट्रस्टी द्वारा उसे बार-बार टोकना बताया जा रहा है। घटना के बाद अन्नपूर्णा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारे कर्मचारी को हिरासत में ले लिया है।

डीसीपी (जोन 4) सुनील मेहता के मुताबिक, यह वारदात आज सुबह करीब साढ़े 4 बजे गुरुनानक नगर गुरुद्वारा के समीप घटित हुई। यहाँ रहने वाले 70 वर्षीय



कैलाश मोदी क्षेत्र के प्रसिद्ध बारह मत्था बगीची शिव मंदिर के मुख्य ट्रस्टी थे। आज सुबह जब कैलाश मोदी रोज की तरह मंदिर परिसर पहुंचे, तो वहाँ मंदिर का कर्मचारी मुकेश शर्मा पहले से मौजूद था, जो कि शराब के अत्यधिक नशे में धुत था। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी मुकेश शर्मा गंभीर रूप से शराब पीने का आदी है और अक्सर मंदिर परिसर में ही शराब पीकर गाली-गलौज व हंगामा करता रहता था। मंदिर की पवित्रता और मर्यादा बनाए रखने के लिए ट्रस्टी कैलाश मोदी ने उसे पहले भी कई बार कड़ी फटकार लगाई थी और टोकते रहते थे। आज सुबह भी जब वह नशे में मिला, तो कैलाश मोदी ने उसे जमकर डांटा और मंदिर से जाने को कहा।बुजुर्ग ट्रस्टी द्वारा डांटे जाने से बौखलाया आरोपी मुकेश गुस्से में अंधा हो गया। वह एक डंडा उठाकर कैलाश मोदी को मारने के लिए उनके पीछे भागा। भागने के दौरान आरोपी ने पीछे से वृद्ध कैलाश मोदी के सिर पर डंडे से जोरदार वार कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगते ही कैलाश मोदी लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन घाव इतना गहरा था कि डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बाद भी इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।घटना की सूचना मिलते ही अन्नपूर्णा थाना पुलिस और आला अधिकारी मौके पर पहुँचे। पुलिस ने त्वरित घेराबंदी करते हुए हत्यारे कर्मचारी मुकेश शर्मा को हिरासत में ले लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है।



# 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

## भील कॉलोनी में पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

**इंदौर।** शहर में नशे के कारोबार और ड्रग पेडलर्स के खिलाफ चलाए जा रहे 'जीरो टॉलरेन्स अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान के तहत आजाद नगर थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग और हॉटस्पॉट निगरानी के दौरान घेराबंदी कर भील कॉलोनी क्षेत्र से एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला के कब्जे से पुलिस ने 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ 'ब्राउन शुगर' बरामद की है। गिरफ्तार महिला क्षेत्र की आदतन अपराधी बताई जा रही है, जिसके खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आजाद नगर थाना पुलिस की टीम क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार भ्रमण, संदिग्धों की चेकिंग और संवेदनशील हॉटस्पॉट एरिया की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि भील कॉलोनी के जाली वाला मैदान क्षेत्र में एक महिला अवैध नशीले पदार्थ ब्राउन शुगर को बेचने और खरीदने की नीयत से खड़ी है और ग्राहकों का इंतजार कर रही है।

### घेराबंदी कर पकड़ा, आधा किलो से ज्यादा का नशा बरामद

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए त्वरित कार्रवाई की और जाली वाला मैदान पर दबिश दी। पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर संदिग्ध महिला को मौके पर ही धरदबोचा। महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में जब आरोपी महिला की तलाशी ली गई, तो उसके पास से 10 ग्राम घातक मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसे पुलिस ने तुरंत जब्त कर लिया।

### मूसाखेड़ी की रहने वाली है आरोपी महिला

पुलिस पूछताछ और जांच में गिरफ्तार की गई महिला तस्कर की पहचान सरिता उर्फ पंगु बाई पति विनय निवासी भील कॉलोनी, मूसाखेड़ी, आजाद नगर के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी सरिता उर्फ पंगु बाई क्षेत्र की आदतन अपराधी है और लंबे समय से नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त रही है।

# धार रोड पर प्लायवुड फैक्टरी में भीषण आग, साढ़े चार घंटे में पाया काबू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

देर रात धार रोड पर एक प्लायवुड फैक्टरी में भीषण आग लग गई। आग लगने से वहां पड़कंप मच गया क्योंकि पास ही में एलपीजी गैस का गोदाम था। मौके पर चार दमकलों के साथ पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग को फैलने से रोका और गैस गोदाम खाली करवा लिया वरना बड़ा हादसा हो सकता था। टीम ने साढ़े चार घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पा लिया। हादसे के वक्त फैक्टरी बंद थी और कोई जनहानि नहीं हुई।





फायर ब्रिगेड के सूत्रों के मुताबिक रात करीब 2.15 बजे धार रोड पर जवाहर टेकरी में होम प्लयाडोर फैक्टरी में भीषण आग लगने की सूचना मिली। मौके पर एसआइ संतोष दुबे की टीम के साथ मोती तबेला, गांधी हाल, जीएनटी और लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन से चार दमकलों को भेजा गया। टीम वहां पहुंची तो डबल शेड में बना प्लायवुड कारखाना भीषण लपटों और धुंए मे घिरा था। चारों दमकलों ने आग बुझाना शुरू की और करीब साढ़े चार घंटे में सुबह सात बजे आग पर काबू पा लिया। एसआइ दुबे के मुताबिक आग बुझाने के लिए करीब 1.73 लाख लीटर पानी का उपयोग किया गया। फैक्टरी मालिक का नाम सतीश पिता दयाराम पटेल बताया गया है। मौके पर चौकीदार मौजूद था जिसने धुआं और लपटें उठती देखी तो पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। वहां रात्रि गश्त कर रही पुलिस टीम भी पहुंच गई थी। आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए थे। आग का कारण अज्ञात है मगर आशंका है कि बिजली तार में शार्ट-सर्किट के कारण आग लगी।

# सोनम का मददगार कौन?... ताबीज की भी चर्चा

## 'मंगलसूत्र' को मारने वाली के गले में ताबीज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपित सोनम रघुवंशी जमानत के बाद शिलॉन्ग के एक स्थानीय मीडिया के सामने आई है। जिसके साक्षात्कार का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ है।इस वीडियो को लेकर अलग अलग चर्चा है। जिसमें सोनम के गले में नजर आए ताबीज की भी चर्चा है।





सोनम को जिस दिन से जमानत मिली है, तभी से वह चर्चा में है।मीडिया को सोनम ने भले ही अपने बारे में कुछ नहीं बताया लेकिन सोनम की कौन मदद कर रहा है, इसकी चर्चा है। राजा हत्याकांड के बाद जब सोनम पहली बार एक ढाबे पर नजर आई थी, उसकी तस्वीर के बाद कल की एक तस्वीर वायरल हो रही है। जब सोनम ढाबे पर नजर आई थी तब उसके गले में कुछ नहीं पहना था, लेकिन अब जब सोनम मीडिया के सामने आई तो उसके गले में एक ताबीज नजर आ रहा है। जिसके बाद चर्चा है कि आखिर कौन सोनम की मदद कर रहा है? कौन उसे बचाना चाहता है? कौन उसे मन्त्रों के ताबीज दे रहा है? ताबीज किस स्थान के मन्नत का है.. यह सवाल गूंज रहे है।हालांकि राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी द्वारा कई बार आरोप लगाया जा चुका है कि सोनम की उसके परिवारजन मदद कर रहे है। इस मामले में लोगों का कहना है कि सोनम ने अपने सुहाग को तो मार दिया, जिसके लिए गले में मंगलसूत्र पहना था, अब बचने के लिए मन्त्रों के ताबीज मांग रही है।

# युवती ने लगाई फांसी, 8 दिन पहले ही दोस्त के साथ किराए से लिया था कमरा

## सब्जी लेकर लौटे साथी को फंदे पर लटकी मिली लाश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खजराना थाना क्षेत्र में एक 19 वर्षीय युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। मृतका अपने एक दोस्त के साथ महज आठ दिन पहले ही यहाँ किराए के मकान में रहने आई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मर्ग कायम किया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

आत्महत्या करने वाली युवती का नाम पलक पिता अमर सिंह (19) है। पलक मूल रूप से सिवनी जिले की रहने वाली थी। वह यहाँ इंदौर में अपने दोस्त अनिल कुशवाह मूल निवासी, अशोक नगर के साथ रह रही थी। दोनों ने करीब 8 दिन पहले ही कृष्णाबाग कॉलोनी में एक कमरा किराए पर लिया था और दोनों शहर के ही एक रेस्टोरेंट में कर्मचारी के रूप में काम करते थे।प्रारंभिक जांच और आसपास से मिली जानकारी के मुताबिक, घटना से पहले पलक और अनिल के बीच किसी बात को लेकर आपसी कहासुनी हुई थी। इसके बाद अनिल बाजार में सब्जी लेने के लिए चला गया। जब अनिल कुछ देर बाद सब्जी लेकर वापस कमरे पर लौटा, तो अंदर का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। कमरे के भीतर पलक फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। अनिल ने तुरंत आसपास के लोगों की मदद से पलक को फंदे से उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा एवं मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।